डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com


PG-5


PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-'भेड़िया' का ग्राफ बॉक्स ऑफिस पर लगातार ऊपर जा रहा है

वर्ष -08 अंक -228 | प्रयागराज, मंगलवार, 29 नवंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### राज ठाकरे ने वीर सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर साधा निशाना, भाजपा और कांग्रेस को दी यह सलाह

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए रविवार को उन्हें 'बेवकूफ' कहा। रविवार को राज्य में एक रैली को संबोधित करते हुए, उन्होंने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हमला करते हुए कहा, 'यू इडियट। सावरकर पर बोलने के लिए आपका क्या स्टैंड है, जो जेल में बंद था और काफी



दर्द से गुजरा था' सावरकर द्वारा ब्रिटिश राज को कथित रूप से लिखे गए एक पत्र के एक अंश का हवाला देते हुए राहुल ने दावा किया था कि भगवा विचारक ने ब्रिटिश साम्राज्य से माफी की भीख मांगी थी, जिससे महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लोगों के साथ विश्वासघात हुआ। राहुल ने कहा कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों को लिखा, 'सर, मैं आपका सबसे आज्ञाकारी सेवक बना रहना चाहता हूं', और उस पर हस्ताक्षर कर दिए। सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की। उन्होंने डर के मारे इस पत्र पर हस्ताक्षर कर महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे नेताओं के साथ विश्वासघात किया। ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के साथ ही राहुल की टिप्पणी पर भारी प्रतिक्रिया हुई। राहुल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकरे ने रविवार को कहा कि सावरकर ने जो किया, वह उनकी 'रणनीति' का हिस्सा था। मनसे प्रमुख ने कहा, रणनीति नाम की कोई चीज होती है।

## बिस्तर पर श्रद्धा की हत्या के बाद आफताब ने पी थी सिगरेट, आज फिर होगा पॉलीग्राफी टेस्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपित आफताब पूनावाला का आज यानी सोमवार को रोहिणी स्थित एफएसल में दोबारा पॉलीग्राफ टेस्ट के निष्कर्षों के आधार पर करीब 75 प्रश्न तैयार किए गये हैं। जिसके माध्यम से आफताब से हत्या की पूर्व योजना और बाद की योजना का पूरा सच उगलवाने ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। शनिवार को इसका पूर्वाभ्यास भी किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि चूंकि पॉलीग्राफ टेस्ट नार्को टेस्ट का पूर्व चरण होता है।



टेस्ट होगा। इससे पहले शुक्रवार को उसका आखिरी बार टेस्ट हुआ था, जिसमें उसे बुखार होने की वजह से टेस्ट प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। ऐसे में सोमवार को पॉलीग्राफ टेस्ट की बची हुई प्रक्रिया को पूरी की जाएगी। सोमवार को ही उसका बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में नार्को टेस्ट भी हो सकता है। दोनों ही टेस्ट के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों व अंबेडकर अस्पाल के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बताया जाता है कि अब तक हुए पॉलीग्राफ की कोशिश की जाएगी। रोहिणी एफएसएल के अतिरिक्त निदेशक डा. संजीव गुप्ता के मुताबिक पॉलीग्राफ टेस्ट के अंतिम सत्र में सोमवार को आफताब का टेस्ट होगा। इसके बाद नार्को टेस्ट भी किया जाएगा। सोमवार को पुलिस जब उसे लेकर पहुंचेगी तो उसका टेस्ट शुरू कर दिया जाएगा। एफएसएल टीम सुबह से ही तैयार रहेगी। पॉलीग्राफ टेस्ट के बाद बचे समय में उसका नार्को टेस्ट प्रारंभ हो जाए, इसके लिए बाबा साहब अंबेडकर अस्पताल में शनिवार से ऐसे में नार्को टेस्ट की ज्यादातर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार को नार्को का पहला चरण पूरा हो सकता है और बाकी को मंगलवार को भी इसे पूरा किया जा सकता है।सिगरेट उसने बताया कि उसने शव के टुकड़े करने के लिए इंटरनेट पर मानव शरीर विज्ञान के बारे में काफी कुछ सर्च किया था। उसने सूबूतों को मिटाने के बाद परिस्थितियां कैसे उसके अनुकूल रहे, इसके लिए दृश्यम फिल्म देखी थी।

## असम के मुख्यमंत्री ने डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में रैगिंग की घटना का लिया संज्ञान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**डिब्रूगढ़ (असम)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में एक रैगिंग का मामला सामने आया है, जिसमें एक छात्र छात्रावास की इमारत से कूद गया। ट्विटर पर असम के सीएम ने ट्वीट किया, साथ आगे की कार्रवाई का समन्वय किया गया था। आरोपी की तलाश की जा रही है, पीड़ित को चिकित्सा देखभाल प्रदान की जा रही है।'डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के एक छात्र ने कथित तौर पर पिछले कुछ दिनों से अपने वरिष्ठों द्वारा रैगिंग से तंग आकर



'पता चला है कि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के एक छात्र को रैगिंग के एक कथित मामले में चोट लगी है। करीबी नजर रखी गई थी और जिला प्रशासन के शनिवार रात विश्वविद्यालय के एक छात्रावास की इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। पीड़िता का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

## राज्यों में कारोबार के नए केंद्र बनाएंगे जलमार्ग

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को ही वाराणसी से बलिया के बीच 15 नई जेट्टी के निर्माण का निर्णय लिया है। नई दिशा में यह प्रयास अनायास ही नहीं है, बल्कि वजह है कि केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने देशभर के लिए 111 जलमार्ग चिन्हित किए हैं तो उनमें 13 नए मार्ग उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली को मिलने हैं। यह नए रास्ते राज्यों




समुद्र तटीय राज्यों के अलावा नदियों के किनारे बसे राज्य भी जलमार्ग से माल ढुलाई के रास्ते पर कदम बढ़ा रहे हैं। देशभर के राष्ट्रीय जलमार्गों पर 70 प्रतिशत तो यूपी के वाराणसी से पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक बने एनडब्ल्यू-1 (नेशनल वाटरवे) पर 60 प्रतिशत ट्रैफिक बढ़ा है। यही के कारोबार के नए केंद्र विकसित करेंगे। समुद्र किनारे बसा गुजरात उद्योग-कारोबार के लिए पहले से 'वाइब्रेंट' है, तो मुहाराष्ट्र, असम और बंगाल जैसे राज्यों की निर्भरता भी जलमार्गों पर पहले से है। मगर, अब नई संभावनाओं के साथ अन्य राज्य भी नए रास्ते तलाश रहे हैं।

## गुजरात के खेड़ा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** रविवार को देश और दुनिया में कई ऐसा घटनाएं घटी जिसने सुर्खियां बटोरी। आइए आज





दिन-भर 10 बड़ी खबरों पर एक नजर डालते हैं। रविवार को गुजरात के खेड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं, दूसरी ओर हरियाणा के मेवात मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने जिला परिषद की सात सीटों पर जीत हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटी है। रविवार को गुजरात के खेड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद का जिक्र करते हुए कहा कि गुजरात लंबे समय से आतंकवाद के निशाने पर रहा है गुजरात में होने जा रहे विधानसभा चुनावों से पहले हरियाणा प्रदेश से भाजपा के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। हरियाणा के मेवात मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने जिला परिषद की सात सीटों पर जीत हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है। इससे पहले भाजपा इस क्षेत्र में कभी खाता भी नहीं खोल सकी थी। लेकिन इस बार इस मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में भाजपा सिंबल पर चुनाव लड़ी और उसके सात कैंडिडेट जीत गए। हालांकि आम आदमी पार्टी ने भी अपने कैंडिडेट यहां उतारे थे लेकिन आप यहां खाता तक नहीं खोल सकी। दिल्ली से सटे इस इलाके में आप की हार और भाजपा की जीत गुजरात चुनाव पर असर डालने वाली है।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी ठंड, जानें दिल्ली यूपी समेत अन्य राज्यों में मौसम का हाल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कुछ राज्यों में मौसम शुष्क बना हुआ है, जिससे अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ है। आपको बताते बताया कि अगले दो-तीन दिन मौसम में बहुत अधिक बदलाव के आसार नहीं है। मौसम शुष्क बना रहेगा।



दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश समेत तमाम राज्यों में पारा तेजी से गिर रहा है। वहीं, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ रही है। हालांकि, हैं कि देश के विभिन्न राज्यों में मौसम का क्या हाल है। उत्तराखंड में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने 29 नवंबर के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में अलर्ट हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में धुंध छाने लगी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के चार जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी व ऊना के लिए चेतावनी जारी की है। कुछ हिस्सों में सुबह-शाम के वक्त कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बर्फबारी के चलते कई मार्गों को बंद किया गया है।मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में अगले कुछ दिनों में धुंध बढ़ सकती है। हालांकि, दिन भर आसमान साफ रहेगा। इसके अलावा हवा की रफ्तार धीमी होने के चलते वायु प्रदूषण में इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग की माने तो पछुआ पवन के कारण राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। पछुआ पवन के चलते न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यूपी में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज होने का अनुमान जताया गया है। साथ ही 1 दिसंबर से कोहरा छाया रहेगा। सुबह और रात के समय ठंड का ज्यादा असर है। हालांकि, दोपहर में धूप खिलने से लोगों को राहत मिल रही है।

## बेंगलुरु में ओला, उबर और रैपिडो के लिए 5प्रतिशत कमीशन का प्रस्ताव

(आधुनिक समाचार सेवा)

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार और ऐप- आधारित राइड-हेलिंग कंपनियां, जैसे- ओला, उबर रैपिडो के बीच सेवा शुल्क को लेकर विवाद गहरा चुका है। शुक्रवार को सरकार ने एक अधिसूचना जारी की थी, जिसके तहत ऑटो एग्रीगेटर्स को 5 प्रतिशत जीएसटी के साथ-साथ सरकार द्वारा निर्धारित ऑटो किराए पर 5 प्रतिशत सेवा शुल्क लेने की इजाजत दी गई है। कर्नाटक सरकार ने 25 नवंबर को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों को यात्रियों द्वारा प्रत्येक ऑटोरिक्शा की सवारी पर कंपनियों से पांच प्रतिशत सुविधा शुल्क और जीएसटी वसूलने का निर्देश दिया था। सरकार के इस फैसले पर ओला उबर ड्राइवर्स एंड ओनर्स एसोसिएशन ने चिंता जाहिर की है। ओयूडीओए के अध्यक्ष तनवीर पाशा ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के समक्ष मामले को ठीक से पेश नहीं करने के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया है पाशा ने कहा कि सरकार को कर्नाटक ऑन डिमांड ट्रांसपोर्टेशन टेक्नोलॉजी एग्रीगेटर्स रूल्स में संशोधन करना चाहिए था क्योंकि इसमें ऑटोरिक्शा का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा,'अगर उन्होंने (परिवहन विभाग) अदालत को उचित जानकारी दी होती, तो अदालत सरकार को नियम में संशोधन लाने का निर्देश देती।'पाशा ने यह भी आरोप लगाया कि परिवहन विभाग ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, बेंगलुरू शहरी जिला को अपने साथ नहीं लिया है। मौजूदा वक्त में ऑटोरिक्शा की सवारी करते समय प्रति किलोमीटर का शुल्क 15 रुपये है। पाशा ने आशंका जताई है कि बेंगलुरु में प्रति किलोमीटर की सवारी पर जीएसटी के साथ पांच प्रतिशत सुविधा शुल्क जोड़ने पर लगभग 80 पैसे खर्च बढ़ जाएंगे ऑटोरिक्शा की सवारी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क 30 रुपये है और इससे ऊपर प्रति किलोमीटर किराया 15 रुपये है।



## केरल में बोए गए थे 'लव जिहाद' के बीज, सुनियोजित तरीके से बहला-फुसलाकर लड़कियों का कराया गया मतांतरण

(आधुनिक समाचार सेवा)

**तिरुअनंतपुरम।** दर्शनीय स्थलों और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर दक्षिण भारत का यह राज्य लव जिहाद को लेकर भी काफी चर्चा में रहा। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि लव




जिहाद शब्द केरल से लिया गया है जहां सबसे पहले मतांतरण गतिविधियां सुनियोजित तरीके से शुरू की गईं। यहां हिंदू और ईसाई समुदाय की लड़कियों को बहलाया-फुसलाया गया और फिर मुस्लिम समुदाय के लड़कों से शादी के लिए मजबूर किया गया। आखिर में उन्हें आतंकी संगठन आइएस में झोंक दिया गया। केरल हाई कोर्ट के न्यायाधीश केटी शंकरन (अब सेवानिवृत्त) ने नौ दिसंबर 2009 को दिए गए अपने एक फैसले में जबरन मतांतरण को लेकर सख्त टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि प्यार के नाम पर यहां जबरन मतांतरण कराया जा रहा है और सरकार को इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए कानून बनाना चाहिए। न्यायाधीश ने यह भी कहा था कि प्यार के नाम पर किसी प्रकार का कपटपूर्ण अथवा जबरन मतांतरण नहीं हो सकता। न्यायाधीश ने यह टिप्पणी उस समय शहंशाह और सिराजुद्दीन नाम के दो आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की थी। आरोपित लव जिहाद जैसी गतिविधियों में लगे थे। उन लोगों ने दूसरे समुदाय की लड़कियों को बहला-फुसला कर इस्लाम धर्म कुबूल कराया और फिर उन्हें शादी के लिए मजबूर किया। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर भी कोर्ट ने कहा कि कुछ धार्मिक संगठनों की मदद से दूसरे पंथ की लड़कियों का मतांतरण कराया जा रहा है। मालूम हो कि पापुलर फ्रंट आफ इंडिया और नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट जैसे इस्लामिक संगठन इस कार्य में लगे थे। इनकी गतिविधियों और राज्य में जबरन मतांतरण को लेकर यहां के ईसाई संगठनों और विश्व हिंदू परिषद ने गंभीर चिंता जताई थी।

## जितेंद्र सिंह ने कहा- स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भारत उठा रहा कई कदम

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को नीति आयोग और परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित पर एक कार्यशाला में




कहा कि भारत 300 मेगावाट तक बिजली उत्पादन की क्षमता वाले छोटे परमाणु रिएक्टर विकसित करने के लिए कदम उठा रहा है। इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि भारत में इस प्रौद्योगिकी के लिए निजी क्षेत्र और स्टार्ट-अप की भागीदारी की संभावना तलाशे जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'भारत 300 मेगावाट तक बिजली उत्पादन की क्षमता वाले छोटे परमाणु रिएक्टर विकसित करने के लिए कदम उठा रहा है। इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना है।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी साझा करना और धन मुहैया होना, एसएमआर प्रौद्योगिकी की वाणिज्यिक उपलब्धता के लिए दो अहम जरूरतें हैं। मंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन घटाने और विशेष रूप से ऊर्जा की भरोसेमंद और निरंतर आपूर्ति के लिए एेंसे एक उपयोगी प्रौद्योगिकी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में स्वच्छ ऊर्जा के नए विकल्पों की खोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसिक जलवायु प्रतिबद्धताओं और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के रोडमैप के अनुरूप है, जो राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों में परिलक्षित होता है। मालूम हो कि एसएमआर औद्योगिक डी-कार्बोनाइजेशन में एक आशाजनक तकनीक है, विशेष रूप से जहां बिजली की विश्वसनीय और निरंतर आपूर्ति की आवश्यकता होती है।

## ब्रिटेन में विदेशी छात्रों की एंट्री पर लगाम लगाना चाहते हैं सुनक लागू कर सकते हैं नए नियम

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक विदेशी छात्रों की एंट्री पर लगाम लगाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा कि इमीग्रेशन आंकड़ों से पता चलता है कि ब्रिटेन में विदेशी छात्रों की संख्या के योगदान की प्रशंसा की है। गौरतलब है कि वर्ष 2020-21 में ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों की संख्या 605,130 थी, जो पिछले वर्ष के कुल 556,625 छात्रों से 8.71 प्रतिशत अधिक थी। विदेशी छात्रों ने वर्ष 2020-21 के लिए



रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसलिए प्रधानमंत्री इस कदम पर विचार कर रहे हैं। इसके तहत शीर्ष विश्वविद्यालयों में एडमिशन को नियंत्रित किया जा सकता है। छात्रों के स्वजन को मिलने वाले वीजा को भी प्रतिबंधित किया जा सकता है। इस बीच सरकार के माइग्रेशन सलाहकार ने चेतावनी दी कि इस कदम से ब्रिटेन के कई विश्वविद्यालय दिवालिया हो सकते हैं। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के लिए भी यह कदम हानिकारक हो सकता है। स्काटिश नेशनल पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए स्काटलैंड में विदेशी छात्रों ट्यूशन फीस के तौर पर कुल 9.95 बिलियन पाउंड का भुगतान किया। चीन के मुकाबले भारतीय छात्रों को मिले अधिक वीजा प्रेट्र के अनुसार ब्रिटेन में विदेशी छात्रों के बीच चीन को पछाड़कर भारतीय छात्रों का समूह पहली बार सबसे बड़ा हो गया है। गुरुवार को जारी इमीग्रेशन आंकड़ों के अनुसार 2019 के 34,261 के मुकाबले सितंबर 2022 में समाप्त वर्ष में भारतीयों को 1,27,731 अध्ययन वीजा जारी किए गए जो 93,470 (273 प्रतिशत) अधिक हैं। ब्रिटेन में अध्ययन वीजा पाने वाले विदेशी छात्रों में चीन के नागरिक दूसरे स्थान पर हैं।

# दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने किए लाखों के जेवर पर हाथ साफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के कटरा बाजार में बीती रात चोरों ने फैंसी ज्वेलर्स का शटर तोड़कर लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान खुला देखकर मालिक को सूचना दी । फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के कटरा बाजार में प्रियांशु केसरवानी की फैंसी ज्वेलर्स नाम से जेवरात की दुकान है। कल रात को वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह स्थानीय लोगों ने उनको सूचना दी की दुकान का शटर टूटा है। सूचना पाकर वह पहुंचे तो दुकान का सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। इसके साथ ही 40 ग्राम सोने के आभूषण समेत चांदी के गहने और नगद दुकान से गायब मिले। चोरों ने लगभग 7 लाख की चोरी की थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे फॉरेंसिक टीम के साथ स्थानीय पुलिस और अधिकारियों ने जांच शुरू की। अधिकारियों का कहना है की घटना का खुलासा जल्द होगा। उधर चोरी को लेकर व्यापारी वर्ग में रोष व्याप्त है।




# कीडगंज मे सीनियर एवं ओपन वर्ग की जिला शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिला शतरंज संघ प्रयागराज के द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2022 को डॉ कौशल कान्वेंट नई बस्ती कीडगंज मे सीनियर एवं ओपन वर्ग की जिला शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आयोजन सचिव श्री गौरव गर्ग ने बताया की इस प्रतियोगिता मे चयनित खिलाडी उत्तर प्रदेश की चयन प्रतियोगिता मे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे प्रथम बोर्ड पर खेलते हुए स्पर्श यादव ने रोमांचक मुकाबले मे ओम जी वर्मा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया वहीँ हसनैन सिद्दीकी को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा गौरव निषाद तीसरे तथा संचिता यादव चौथे स्थान पर रहीं संघ के सचिव श्री एन डी सिंह ने बच्चों को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनायें दी इस प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक श्री पंकज कुमार पाण्डेय रहें प्रतियोगिता स्थल पर कई बार के प्रदेश चैंपियन वा अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी हरिओम शर्मा भी मौजूद रहें।




# बालिकाओं के शिक्षित होने से देश आगे बढ़ेगा-संजय अवस्थी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बालिकाएं हमारे समाज की रीढ़ होती हैं अगर वह आगे बढ़ती हैं तो समाज आगे बढ़ता है इसलिए उनकी शिक्षा का उचित प्रबंध और प्रोत्साहन आवश्यक होता है। उपरोक्त बातें मुख्य आयकर आयुक्त संजय अवस्थी ने घूरपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में भारत सरकार के उपक्रम आयकर विभाग प्रयागराज,सीए एसोसिएशन व बार एसोसिएशन संयुक्त प्रयास से बालिकाओं के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु बेसिक शिक्षा विभाग इलाहाबाद के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय जसरा में शिक्षा अधिगम सामग्री डोनेट की गई ।जिसके अंतर्गत सिलाई मशीन, कंप्यूटर, वाईफाई राउटर, खाद्य सामग्री एवं ग्यारह हजार नकद का अंशदान दिया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्य आयकर आयुक्त संजय अवस्थी माननीय प्रधान आयुक्त शिखा दरबारी अध्यक्ष सीए एसोसिएशन राजेश पांडे वरिष्ठ



अध्यक्ष बार एसोसिएशन अजीत धवन,निधि अग्रवाल अपर आयकर आयुक्त राय जी, संयुक्त अपर आयुक्त शालिनी आयकर आयुक्त अपील चौधरी जी सहायक निदेशक आयकर विभाग श्री हरकृष्ण तिवारी जी के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के निर्देशन में डीसी सामुदायिक सुनीता चौधरी एवं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन मीना देवी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत यूपीएस घूरपुर एवं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।आयकर आयुक्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में एआरपी जितेंद्र मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा, सतीश कुशवाहा, गिरीश चंद सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, शिव भूषण सिंह, देवव्रत द्विवेदी, सरोज सिंह, एसपी सिंह, बबिता वर्मा, होरीलाल, अब्दुल कुद्दूस खान, उमेश द्विवेदी, नीरू सिंह, मुकेश सिंह, मयंक द्विवेदी, मयंक तिवारी, राजेश्वर मिश्रा, लक्ष्मी नारायण पांडे,सीमा सिंह,सुमन भटोनिया आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एसआरजी प्रयागराज सुनील तिवारी ने किया।

# पहली बार समाजसेवियों चिकित्सकों और मोटिवेशनल स्पीकरों सहित संस्थाओं का सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** समाज में अवसाद ग्रस्त जीवन जी रहे युवक-युवतियों बच्चों एवं समाज के हर वर्ग के लिए प्रयागराज में पहली बार समाजसेवियों चिकित्सकों और



मोटिवेशनल स्पीकरों सहित संस्थाओं के माध्यम से जीते हैं चल कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित किया गया जिसे कोमल श्रीवास्तव जी के निर्देशन में ऐड अस्त्र टीम के युवक-युवतियों द्वारा आयोजित किया गया त् कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जीवन के किसी भी क्षेत्र में किन्हीं भी कारणों से चाहे वह किसी प्रकार की असफलता हो ,आत्महत्या का किया गया प्रयास हो तथा जीवन के किसी भी लम्हे में पाई हुई हार से अगर इंसान अवसाद ग्रस्त होता है तो उसे उस से बाहर निकाल कर सही दिशा देने के लिए तकनीकी रूप से चिकित्सीय रूप से एवं भावनात्मक रूप से सकारात्मक ऊर्जा देने का प्रयास इस कार्यक्रम में किया गया जिसमें मुख्य रुप से प्रयागराज की जानी-मानी मनोवैज्ञानिक डॉक्टर ईशान्या राज , मनोचिकित्सक डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव , मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर अजय मिश्रा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ रश्मि सिंह सहित प्रयागराज के युवा दिलों की धड़कन एवं मशहूर गायक तथा अभिनेता प्रियांशु श्रीवास्तव मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में अन्य स्पीकर श्री अंकुर ,श्रीमती अपराजिता जी तथा इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुलाटी जी के साथ मौजूद रहे इन सभी चिकित्सकों एवं मोटिवेशनल स्पीकरो ने कार्यक्रम में शिरकत करने वाले अवसाद ग्रस्त लोगों के बीच नकारात्मकता तथा हताशा जैसे बिंदुओं पर गहन चर्चा करते हुए इन्हें अपने जीवन से दूर करते हुए सकारात्मक दिशा में जीवन निर्माण के लिए प्रेरित करने की तकनीकें बताई ,कार्यक्रम को आयोजित करने में समाज सेविका कोमल श्रीवास्तव जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# लखनऊ सरोजनी नगर पुलिस का सराहनीय कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** महिला को लौटाया उसका खोया हुआ पर्स सरोजनी नगर पुलिस ने खोए हुए पर्स को 2 घंटे के अंदर पुलिस ने किया बरामद। आज दिनांक 27/11/22 को 1 बजे के करीब बंथरा निवासी रीता साहू शादी समारोह में सामिल होने जा रही थी की रास्ते में गहनों वाला बैग कही गिर गया।। बैग गिरने की सूचना सरोजनी नगर पुलिस को दिया सूचना मिलते ही सरोजनी नगर पुलिस ने खोए हुए बैग की तलाश के लिए एक टीम का गठन किया इस टीम ने मुखबिर और अन्य माध्यम के जरिए बैग को सरोजनी नगर तहसील के पास से ढूंढ निकाला।। 2 घंटे के अंदर कड़ी मशक्कत के बाद लापता बैग को ढूंढ निकालने वाली टीम एस आई अंकित बालियान कांस्टेबल जयपाल सिंह, महिला कांस्टेबल आस्था, महिला कांस्टेबल सुनीता यादव की मुख्य भूमिका रही। सरोजनी नगर पुलिस ने बैग को महिला को सपुर्द किया।। बैग मिलते ही महिला ने सरोजनी नगर पुलिस को आभार व्यक्त किया ।




# मेलाधिकारी ने किया गंगा पूजन, मौजूद रहे कई बड़े अधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला 2023 के सकुशल संपन्न होने की कामना के लिए सोमवार को संगम तट पर



गंगा पूजन किया गया। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के इस आयोजन में प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से विशिष्टजनों ने गंगा पूजन किया। इस अवसर पर साधु-संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन कराया। हर-हर गंगे से गंगा, यमुना का संगम तट गुंजायमान हो उठा। माघ मेला 2023 के सकुशल संपन्न होने की कामना के लिए सोमवार दोपहर संगम पर गंगा पूजन हुआ। प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से त्रिवेणी तट पर यह आयोजन किया गय प्राधिकरण के अध्यक्ष व मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत तथा उपाध्यक्ष व माघ मेला अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, प्रभारी अधिकारी संत कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से गंगा की पूजा की। संगम की रेती पर प्रति वर्ष एक माह का माघ मेला आयोजित होता है। तंबुओं के शहर में दूर-दूर से कल्पवासी यहां आकर एक महीने तक कल्पवास करते हैं। लाखों लोग संगम में डुबकी लगाने पहुंचते हैं। इसके लिए प्रयागराज जिला प्रशासन व मेला प्रशासन यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का हर प्रबंध करता है एक माह के माघ मेला की तैयारियां शुरू होने के बाद प्रति वर्ष गंगा पूजन कर मेला सकुशल संपन्न होने की कामना की जाती है। इसी क्रम में आज गंगा पूजन को विशिष्टजन संगम तट पर जुटे।

# सरकार मदरसों की तालीम से अल्पसंख्यकों के जीवन को बेहतर बनाने में लगी है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** दारुल बन्नात अल्पसंख्यखक बालिका विद्यालय सगरा सुंदरपुर में मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तिखार अहमद ने बतौर मुख्य अतिथि वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मदरसों की तालीम को अल्पसंख्यक समुदाय के लिए उपयोगी बनाने में लगी ह दीन की तालीम के साथ आज की दुनिया में वैज्ञानिक शिक्षा आवश्यक हो गई है जो बालक बालिकाओं को रोजगार से जोड़ते हुए देश सेवा में लगाने के लिए बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि विपक्ष वाले यह भ्रम फैलाते हैं कि यह सरकार मदरसों की जाँच करवा रही है,यह बेबुनियाद है। सरकार मदरसों की जाँच के बजाय मदरसों का सर्वे करवा रही है।उसमें क्या कमियाँ हैं, उसको दूर करवाने का प्रयास कर रही है जिससे मदरसों की हालत को बेहतर बनाया जा सके। वार्षिकोत्सव में बहुत सारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी, राष्ट्रीय कवि एवं प्राचार्य डॉ0 रणजीत सिंह,अधिवक्ता एवं पत्रकार ज्ञान प्रकाश शुक्ल, डॉ0नफीस




अहमद,कालेज के प्रबंधक डॉ0मोहम्मद अतीक, प्रधानाचार्य मोहम्मद हसनैन आदि ने समारोह को संबोधित किया।बहुत सारे छात्र-छात्राओं ने गीत एवं भाषण से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर मो0वाजिद, कप्तान, राजेश विश्वकर्मा, राम सिंह,मो0सईद, मो0नसीम सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।संचालन मो0आजाद ने किया।

# ज्ञानवापी विवादः ए.एस.आई सर्वे पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी परिसर का सर्वे आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से कराए जाने के आदेश से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट में आज सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई है। जिसके बाद अदालत ने अपना जजमेंट रिजर्व रख लिया है। जस्टिस प्रकाश पाडिया की सिंगल बेंच ने एक घंटे तक चली सुनवाई के बाद अपना जजमेंट रिजर्व किया है। अदालत ने कहा कि पक्षकार इस मामले में 2 हफ्तों में अपनी लिखित दलीलें या दूसरे



दस्तावेज कोर्ट में दाखिल कर सकते हैं। अब इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला दो हफ्ते बाद आएगा।इस केस के संबंध में 2 अर्जियां इलाहाबाद हाई कोर्ट में लगाई गईं हैं। इसके अलावा 1991 में वाराणसी की अदालत में दाखिल मुकदमे की पोषणीयता से जुड़ी 3 अर्जियों पर हाई कोर्ट पहले ही जजमेंट रिजर्व कर चुका है। पांचों याचिकाएं यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और ज्ञानवापी मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने दाखिल की हैं।

# संविधान दिवस पर दो दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** संविधान दिवस पर दो दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम में विधायक सदर राजेंद्र मौर्य ने कहा कि जीवन में राष्ट्र ही सर्वोपरि है क्योंकि बिना राष्ट्र निष्ठा के हम प्रगति पथ पर आगे नहीं बढ़ सकते। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर बचई सिंह शिक्षण संस्थान (बीएसएस एकेडमी) फुलवारी में उन्होने अपने सम्बोधन में राष्ट्र के प्रति सर्वोपरि भावना के लिए छात्र-छात्राओं ,अध्यापकगणों व अभिभावकों का आहवाहन किया कि वे संविधान का अध्ययन अवश्य करें क्योंकि ये हमारी सम्पूर्ण और सशक्त प्रगति का मेरुदंड है और इससे देश को सम्मान मिलता है। उन्होने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के उन बिरले संविधानों में से एक है जहां विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, सम्प्रदाय के विकास के लिए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय संविधान की ही देन है कि उन लोगों को भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो रहा है जो अभी तक उपेक्षित रहे हैं। इस अवसर पर बीएसएस एकेडमी के निदेशक विनोद सिंह ने कहा कि सभी को यह समझना चाहिए कि देश की एकता और अखंडता के लिए संविधान का अनुपालन अति आवश्यक है। इसके अभाव में देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि संविधान दिवस मनाने के पीछे मूल लक्ष्य यह है कि भारत की भावी पीढ़ी को इस बात की जानकारी दी जा सके कि उन्हें संविधान के अनुकूल ही आचरण करना है। कार्यक्रम में उपस्थित जय प्रकाश मिश्र एडवोकेट ने संविधान के अनुच्छेदों पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर बल दिया कि संविधान पूरी तरह से सभी जाति, वर्ग और संप्रदायों के प्रति उदार भाव रखता है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ हुसैन रिज़वी ने आभार व्यक्त करते हुए विधायक सहित, कालेज के निदेशक व प्रधानाचार्य को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कालेज के बच्चों द्वारा गीत, नृत्य, समूह चर्चा व भाषण तथा प्रतापगढ़ के प्रसिद्ध गायक कलाकर नीरज विश्वकर्मा द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही मंत्रालय के पंजीकृत दल हरविन्द कुमार यादव लोकगीत पार्टी व कृष्ण कुमार सत्यार्थी लोकगीत पार्टी प्रयागराज द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को आजादी के अमृत महोत्सव और संविधान दिवस पर मनोरंजक ढंग से जागरूक करने के लिए ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक राम मूरत द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजयी प्रतिभागियों को विधायक सहित अतिथियों द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कालेज के समन्वयक धर्मराज मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित कालेज के प्रबन्धक धर्मेन्द्र सिंह, अध्यापकगण नीलम शर्मा, संजय सिंह, शाश्वत सिंह, नीरज विश्वकर्मा, संजू सिंह, रश्मि सिंह, सुप्रिया पाण्डेय, आदर्श सिंह, अमन मिश्र, प्राची पाण्डेय, प्रीतम, अंजू राय, विनय ओझा, प्रीतमराज, चंचल, साक्षी, सत्येन्द्र, दीप्ति दुआ, आयुषी खण्डेलवाल सहित कई प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।



# बलिया मे पत्रकार के भाई पर जानलेवा हमला, राहगीरों ने हमलावर का धुनाई कर पुलिस के हवाले किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले के बिल्थरारोड में एक पत्रकार के भाई पर हमलावारों ने बुरी तरह जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर



दिया।जिससे उपचार के दौरान स्थिति खराब होने के उपरांत सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस दुस्साहसिक घटना को लेकर व्यवसायियो में रोष व्याप्त है घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि बेल्थरारोड नगर की अतिव्यस्त मोबाइल मार्केट बस स्टेशन गली में आज रविवार को जहां पत्रकार शब्बीर अहमद का छोटा भाई जो मोबाइल व्यवसायी है।आज दोपहर को करीब 1.30 बजे दिन मे आचानक तीन हमलावर मोटरसाइकिल से आ धमके और जख्मी दुकानदार से रंगदारी में मोबाइल मांगने लगे दुकानदार द्वारा अनभिज्ञता जाहिर करने पर हमलावर आग बबुला हो गये और हमलावरों नें हमलाकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। हमलावरों के इस हरकत से आस-पास के दुकानदारों में खलबली मच गई। हमलावरों को पकड़ने के लिए कुछ दुकानदारों नें प्रयास भी किया। किन्तु हमलावर के आतताई रूख देख बस स्टेशन से पुलिस चौकी गली तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।इस बीच हमलावर अपने बचाव में एक मकान पर छत पर चढ़ने का प्रयास किया लेकिन धरो-पकड़ो की माहौल में अन्ततोगत्वा मुख्य हमलावर आम जनता की गिरफ्त में आ गया। मौके पर मौजूद इकठ्ठी भीड़ में एक हमलावर को राहगिरों नें जमकर धुनाई की और सीयर पुलिस चौकी के हवाले कर दिया। चोटिल हमलावर को स्थानीय पुलिस नें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर उपचार हेतु लाया वहीं अज्ञात हमलावरों से गम्भीर रूप से जख्मी मोबाइल व्यवसायी इसरार अहमद को उनके परिजनों व दुकानदारों नें उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर लाये जहां स्थिती गम्भीर होने के कारण सदर अस्पताल बलिया के लिए रेफर कर दिया। घटना के उपरांत स्थानीय पुलिस मामले के छानबीन व, फरार अन्य हमलावरों के जानकारी करनें में लगी हुई है।

# आइआरसीटीसी की पर्सनल यूजर आइडी से टिकट बनाने वाला दलाल गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंदौली।** आइआरसीटीसी की पर्सनल यूजर आइडी से टिकट बनाने वाले एक टिकट दलाल को आरपीएफ ने सोमवार को सकलडीहा के नौरंगाबाद गांव स्थित शाहिद आनलाइन दुकान से गिरफ्तार किया। उसके पास से कुछ टिकट भी मिले। टीम को मौके से टिकट बनाने में प्रयोग होने वाली कई चीज मिली। गिरफ्तारी से अवैध टिकट बनाने वाले कारोबारियों में खलबली मची रही। टिकट दलाल अवैध तरीके से टिकट बनवाकर यात्रियों को महंगे दामों पर बेचते हैं। ऐसे लोगों पर आरपीएफ का चाबुक चलने लगा है। मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार, सदानंद यादव, पवन कुमार न छापेमारी की। यहां गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि आइआरसीटीसी की पर्सनल यूजर आइडी पर वह ई टिकट बनाता है। जरूरतमंद लोगों को अधिक रुपये लेकर टिकट बेचता है। पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सकलडीहा, डोडिया निवासी शाहब अंसारी है।



# 'बेस्ट प्लेयर आफ द मैच'' खिताब के नवाजा गया पूर्वोत्तर रेलवे महिला हैण्डबाल की खिलाड़ी नीना सील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन जारी है।24 नवम्बर से 04 दिसम्बर, 2022 तक इंचियोन सिटी, साउथ कोरिया मे खेली जा रही 19वीं सीनियर एशियन महिला हैण्डबाल चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे की तीन खिलाड़ियों ज्योति शुक्ला, सुषमा एवं नीना सील से युक्त भारतीय टीम ने उज्बेकिस्तान को हरा दिया। पूर्वोत्तर रेलवे की तेजतर्रार खिलाड़ी नीना सील को उनके शानदार प्रदर्शन के लिये ''बेस्ट प्लेयर आफ द मैच'' चुना गया। पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबन्धक गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह व मण्डल रेल प्रबन्धक वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने तेजतर्रार महिला खिलाड़ी की इस सराहनीय सफलता पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मंगलमय शुभ कामना दी है।वही नीना सील की इस उपलब्धि पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष योगेश मोहन, महासचिव पंकज कुमार सिंह,हैण्डबाल सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी, चन्द्र विजय सिंह एवं महिला हैण्डबाल टीम के कोच श्री अरविन्द कुमार यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




# वाराणसी में रोडवेज बस में लग रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे, मिलेगा यह फायदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** रोडवेज बस में प्रायोगिक तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे लगने की वजह से यात्रियों का सफर अब और भी सुरक्षित होने जा रहा है। अब बस चालक को झपकी आने पर एंटी कोलेजन डिवाइस सतर्क करेगा। काशी डिपो की जनरथ बस सेवा में नई डिवाइस का परीक्षण किया जा रहा है। अब रोडवेज बस चालकों की ड्यूटी में लापरवाही नहीं चलेगी। झपकी आने या वाहन से सटाकर गाड़ी ओवरटेक हुआ तो अलार्म बज उठेगा और बस खड़ी हो जाएगी। मानवीय चूक से होने वाली जनहानि रोकने के लिए रोडवेज बसों में एंटी कोलेजन डिवाइस लगाया जा रहा है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत सोमवार की शाम काशी डिपो की जनरथ बस सेवा में एंटी कोलेजन डिवाइस (फ्रंट कोलेजन एवायडेंस सिस्टम) लगाकर ट्रायल शुरू किया। डिवाइस में दो तरफ सेंसर लगे होते हैं। पहला सेंसर आगे जा रहे या सामने से आ रहे वाहन की गति नापता रहता है। जैसे ही गाड़ी की स्पीड दुर्घटना जोन के दायरे में आने वाली होती है सेंसर आगाह करना शुरू कर देता है। एक्सीलेटर फ्री हो जाता है और गाड़ी दुर्घटना जोन में पहुंचने से पहले ही रुक जाती है। इसी तरह दूसरा सेंसर ओवरटेक करने के वक्त पर्याप्त दूरी न दिखने या फिर आगे वाहन की मौजूदगी पर डिवाइस इसी तरह की बाधा पैदा करती है। बस में एंटी कोलेजन डिवाइस के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। जो यात्रियों की संख्या और बस में सवार प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर निगरानी रखेगा। ऐसे में जहां, महिलाओं को सफर में सुरक्षा का एहसास होगा। वहीं, कैमरे के भय से डब्ल्यूटी (बिना टिकट) के मामलों में भी कमी आएगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत बसों में एंटी कोलेजन डिवाइस लगाए जा रहे हैं। वाराणसी परिक्षेत्र के काशी डिपो की जनरथ सेवा में इसका परीक्षण किया जा रहा है।





# वाराणसी में अशोक मुथा जैन बने नए पुलिस कमिश्नर, आर्यन खान और रिया चक्रवर्ती प्रकरण की कर चुके हैं जांच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में कई आइपीएस के कार्यभार में बदलाव किया गया है। इसी कड़ी में वाराणसी में शासन की ओर से वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की जिम्मेदारी एडीजी अशोक मुथा जैन को सौंपी है। देर रात उनकी तैनाती और वर्तमान पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश के स्थानांतरण की जानकारी मिलने के साथ ही पुलिस महकमे में गहमागहमी शुरू हो गई है। वाराणसी में अब दूसरे पुलिस कमिश्नर के तौर पर अशोक मुथा जैन के शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद विभागीय अधिकारियों ने जताई है। वर्ष 1995 बैच के आइपीएस रहे जैन आंध्रप्रदेश में गुंटूर जिले के रहने वाले हैं। उनकी पहली पोस्टिंग वाराणसी में एसपी सिटी के तौर पर ही हुई थी। इस लिहाज से जिले के बारे में उन्हें भलीभांति जानकारी है। कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपराध पर खूब चोट की थी। हाल ही में वह केंद्र



सरकार में प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं और यह उनका पहला जिम्मा है।पुलिस कमिश्नर नियुक्त होने से पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में वह डिप्टी डायरेक्टर जनरल थे। इस पद पर रहते हुए उन्होंने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे व अभिनेता सुशांत राजपूत - रिया चक्रवर्ती ड्रग प्रकरण की तफ्तीश भी की थी। अब तक कमिश्नरेट की कमान संभाले ए. सतीश गणेश का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। ऐसे में वाराणसी में दोबारा जड़ें जमाने में जुटे अपराध जगत और पुराने लंबित मामलों की नए सिरे से विवेचना और परिणाम उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी का काम होगा। कोरोना काल से लेकर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा में कमिश्नर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। दारोगा गोलीकांड का मात्र 13 दिनों में राजफाश करते हुए दो बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व करने के लिए पुलिस कमिश्नर को डीजीपी के प्रशंसा चिह्न व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# वाराणसी में विश्वसुंदरी पुल पर ट्रक का कपलिंग टूटने से देर रात लगा रहा जाम


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।**जाम के झाम से कराह रहा शहर उस समय घंटों थमा रहा जब ट्रक का कपलिंग टूटने की वजह से रात में काफी दूर तक लंबा जाम का झाम शुरू हो गया। रात में करीब नौ बजे के आसपास ट्रक का कपलिंग टूटने के बाद लगने की वजह से वाहनों का वापस लौटना भी मुश?किल हो गया। वाहनों की कतार के बीच लोगों का सफर मानो थमने लगा था। इस जाम में दूर दूर तक बारात और बारातियों के फंसने से वैवाहिक आयोजनों में पहुंचने तक का संकट आ गया था। नेशनल



वाहनों की रफ्तार थम गई। किसी तरह छोटी गाड़?ियां तो निकल गईं लेकिन चार पहिया वाहन फंसने की वजह से पुल पर वाहनों की दूर तक लंबी कतार लग गई। इस दौरान जरूरी वाहनों का आवागमन बाधित होने की वजह से वाहनों को काफी दिक?कतों का सामना करना पड़ा। पुल पर लंबा जाम होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन यातायात को संभालने में जुट गया। सड़क पर आवागमन इस दौरान करीब दो से तीन घंटे तक बाधित रहा। इसकी वजह से दूर दूर तक वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतार लग गई। वाहनों की लंबी कतार हाइवे पर मलहिया स्थित विश्वसुंदरी पुल के ऊपर ट्रक का कपलिंग टूटने के कारण सोमवार की रात पुल पर जाम लगने की जानकारी होने के बाद एनएचआई की टीम ने उसे हटाने का काम शुरू किया। पुलिस के अनुसार रात में एक ट्रक रामनगर से डाफी की तरफ जा रहा था। इस दौरान जानकारी होने पर एनएचएआइ के कर्मचारियों ने ट्रक को क्रेन की मदद से हटवाया तब जाकर जाम से राहत मिल सकी। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लगने की वजह से आवागमन करीब दो से तीन घंटे तक बाधित रहा।

# वाराणसी में गंगा में तीनों सर्किल की नावों के अलग-अलग होंगे रंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** गंगा में तीन दिन पूर्व नाव हादसे के बाद सोमवार को



अपर नगर आयुक्त राजीव राय व पुलिस उपायुक्त काशी जोन आरएस गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में हर सर्किल में नावों के रंग अलग - अलग करने के सुझाव दिए गए। एसीपी दशाश्वमेध अवधेश पांडेय ने बताया कि दशाश्वमेध, भेलूपुर व कोतवाली सर्किल में नावों का रंग अलग-अलग होने से इनकी पहचान करने में आसानी होगी। बैठक में नौका संचालन के नियमों को कड़ा करने का निर्णय लिया गया। सुरक्षित नौका संचालन के विषय में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। नाविकों को चेतावनी दी गई कि यदि मानक के अनुरूप नौका संचालन नहीं किया जाता है तो उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया बुधवार सुबह 10 बजे के बाद शुरू कर दी जाएगी। नाविकों को निर्देश दिए गए कि नगर निगम द्वारा लाइसेंस में निर्गत क्षमता के अनुसार ही नाव में लोगों को बैठाएंगे व अपने - अपने नाव की निर्धारित क्षमता को बोर्ड लगाएंगे। नावों पर सभी जीवन रक्षक उपकरण जैसे लाइफ जैकेट, टार्च, रस्सा, लाउड हेलर आदि उपलब्ध रखेंगे।

# गाजीपुर में साथी के बुलावे पर गए दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला, दोनों को वाराणसी ट्रामा सेंटर किए गए रेफर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर ।** शहर कोतवाली के फुल्लनपुर गोड़ा देहाती में अपने साथी से बुलाने पर गए दो युवकों पर कुछ लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गर्दन और पेट में कई वार कर अधमरा हाल में छोड़कर फरार हो गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कोतवाली पुलिस दोनों को जिला अस्पताल ले गई, जहां से उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह भी अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना के बारे में जाकरीमुद्दीनपुर क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी अजय यादव व शिवम यादव फुल्लनपुर मुहल्ले में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। देर शाम दोनों के मित्र ज्ञानदीप ने काल कर बताया कि कुछ लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। इस पर दोनों गोड़ा देहाती पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। आरोपित युवकों ने ज्ञानदीप को छोड़ अजय और शिवम पर ही चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। डायल-112 पुलिस पहुंची और दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। डा. मिथलेश ने बताया



कि शिवम यादव को बाएं तरफ कंधे में चाकू से गहरा चोट का निशान है।वहीं अजय यादव के गर्दन के पास कंधे और पेट पर चाकू से वार किया गया है, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। सीओ सिटी गौरव कुमार ने बताया कि छात्रों के बीच आपसी विवाद था। इसको लेकर मारपीट हुई थी। ज्ञानदीप की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम लगाई गई है, जल्द ही कारण का पता चल जाएगा और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हार्डवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# दहेज के लिए हत्या करने वाले दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना बीजपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-101/2022 धारा- 498ए, 304बी, 504 भादवि व डीपीएक्ट में वांछित चल रहे 02 नफर अभियुक्तगण 1. सत्य कुमार गुर्जर पुत्र रामदुलारे, निवासी ग्राम- जरहा टोला लहबरवा, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र 2. किसुन कुवँर पत्नी सत्य कुमार निवासिनी ग्राम- जरहा टोला लहबरवा, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार अभियुक्तगण-** 1 सत्य कुमार गुर्जर पुत्र रामदुलारे, निवासी ग्राम- जरहा टोला लहबरवा, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र। 2. किसुन कुवँर पत्नी सत्य कुमार निवासिनी ग्राम- जरहा टोला लहबरवा, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1. प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र। 2. उ0नि0 ओम प्रकाश सिंह, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र। 3. का0 मंगल प्रजापति, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र। 4. का0 दिनेश कुमार, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र। 5. म0का0 रिया यादव, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र।



# डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के एक पहाड़ी पर शनिवार को किशोरी की हत्या कर शव फेंके जाने के मामले की जांच में जुटी पुलिस रविवार को देर शाम पोस्टमार्टम करा सकी। शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल ने किया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। शव मिलने के 24 घंटे तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। इसके बाद चुनार से शव को मिर्जापुर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। जहां देर शाम को डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के दौरान दुष्कर्म की जांच के लिए स्वैब भी लिया गया। इससे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। उधर, पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश में दबिश भी दी। हालांकि आरोपी पकड़ में नहीं आ सके। अदलहाट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी शनिवार को सुबह शौच के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने लगे। शाम को गांव के बच्चे पहाड़ी पर पतंग उड़ाने गए थे। वहां बच्चों ने गुफा में शव देख ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना पर अदलहाट थानाध्यक्ष विजय चौरसिया फोर्स लेकर पहुंचे। किशोरी के शरीर पर धारदार हथियार के निशान थे। किसी ने उसकी हत्या की शव को पहाड़ी पर फेंक दिया था। उधर, पहाड़ी पर शव मिलने पर तरह-तरह की आशंका जताई जाने लगी। मौके पर एसपी भी टीम के साथ जांच करने पहुंचे। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस आमिर कुमार के खिलाफ हत्या और शव छिपाने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी। उधर, शनिवार को चुनार में शव का पोस्टमार्टम होना था। चुनार में पोस्टमार्टम नहीं होने पर रविवार को शाम को शव मिर्जापुर लाया गया। जहां देर शाम साढ़े सात बजे के करीब तीन डाक्टरों डॉ. राधेश्याम वर्मा, डॉ. अखिलेश जायसवाल और डॉ. अनिल के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। शव मिलने के बाद 24 घंटे पुलिस ने पोस्टमार्टम होने में ही लगा दिया। पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टर ने दुष्कर्म की जांच के लिए स्वैब भी लिया।



# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर एवं निशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन

## सम्बोधन में इस पहल के लिए की गयी प्रशंसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित एवं लॉयन्स क्लब रॉबर्ट्सगंज के सौजन्य से नेत्र परीक्षण शिविर एवं निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, जनपद सोनभद्र द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं एवं पुरुषों को नेत्र परीक्षण के सम्बन्ध में सम्बोधित कर इस समाज सेवा करने की सराहना की गयी तदोपरान्त चित्रकूट से आये चिकित्सकों से स्वयं का नेत्र परीक्षण कराया गया। लॉयन्स क्लब द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।



# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 341 मरीजों का उपचार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 341 मरीजों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य केंद्रों में कमर व घुटना दर्द, बीपी, शूगर, चर्मरोग, उदर, मौसमी बुखार आदि से पीड़ित मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचे। जमालपुर क्षेत्र के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मेले में 93 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरिला में डॉ.मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में 52, भाईपुर कला में डॉ.सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में 41 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देकर निःशुल्क दवा वितरित की गई। इस दौरान डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, फार्मासिस्ट सुरेंद्र चौरसिया, विनोद पांडेय आदि मौजूद रहे। विकास खंड छानबे के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरोइया कुशहा (बिहसड़ा), न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विरौरा, न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकोढ़ी में कुल 248 मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान डॉ. गिरेजेश, डॉ. पुनीत अग्रवाल, गोविंद प्रसाद, सचिव सिंह, दिनेश शुक्ल, संतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# द्विवार्षिक अधिवेशन एव नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ सकुशल सम्पन्न



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र मे आज कार्यालय मुख्य चिकित्सक अधिकारी सभागार मे समाज चुनाव पर्यवेक्षक जिला कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव की मौजदूगी मे यूपी मेडिकल एड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रयल एसोसिएशन का द्विवार्षिक निर्वाचन सर्वसम्मित से निर्विरोध सम्पन्न हुआ चुनाव पर्यवेक्षक के रूप मे जिला समाज कल्याण अधिकारि रमाशंकर यादव एव चुनाव अधिकारी के रूप मे उप मुख्य चिकित्साअधिकारी डॉ प्रेमनाथ मौजूद रहे सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को सभागार मे शपथ दिलाई गई यूपी मेडिकल एड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रयल एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ सहायक सुरेश कुमार को सर्वसम्मत से निर्विरोध चुना गया वही उपाध्यक्ष पद के लिए मो0 अब्बास खान एव सजीव कुमार गौतम, जिलामत्री शिवबली मिश्रा ,संगठन मंत्री सजय पाण्डेय सजय अस्थाना,कोषाध्यक्ष के पद पर धीरज श्रीवास्तव, सयुंक्त मंत्री आनंद कुमार मिश्रा हरिश्चंद्र तथा ऑडिटर के रूप मे अभय नारायण सिंह को चुना गया।

# यातायात माह के चेकिंग के दौरान 34 वाहनो का ई चलान किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथीनाला तिराहा पर आज शनिवार को ओबरा क्षेत्राधिकारी एंव थानाध्यक्ष ने यातायात माह में चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियमों के अंतर्गत 34 वाहनों ई चालान किया गया। माह नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है इस पूरे यातायात माह में यातायात पुलिस / लोगों को जागरूक करती है कि किस तरीके से वह यातायात के नियमों का पालन करे उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में हाथीनाला थाना के तिराहा पर आने जाने वाले वाहन चालको को यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी हाथीनाला रविंद्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि चल रहे यातायात माह मे चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियमों के अंतर्गत 34 वाहनों का ई चालान भी किया गया।



# संविधान दिवस निर्माता को किया गया याद डाला गया प्रकाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** नगर स्थित आर एस एम इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित हुई गोष्टी संविधान से देश का गौरव बढ़ा या हमारा अभिमान अजीत रावत सोनभद्र भारतीय संविधान दिवस के मौके पर आर एस एम इंटर कॉलेज परिसर में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर में आयोजित कार्यक्रमों में भारतीय संविधान की विशेषता के साथ ही इसकी महत्ता और प्रदत्त किए गए मानव के अधिकारों के बारे में भी बताया गया। युवाओं और छात्रों को जागरुक करने के साथ ही संविधान की विशेषताओं से भी अवगत कराने के साथ ही संविधान दिवस पर संविधान के बारे में सवाल जवाब कर युवाओं को जागरुक किया गया। इसी कड़ी में शनिवार को आर एस एम इंटर कॉलेज परिसर में सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस के संविधान दिवस मनाया गया। वहीं सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने छात्र छात्राओं को संविधान प्रस्तावना को पढ़ाया गया तथा उन्हें भारतीय संविधान की जानकारी भी इस मौके पर दी गई। श्री रावत ने संविधान के निर्माण एवं इसकी मुख्य विशेषताओं के बारे में बच्चों को बताया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ने कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण है। 26 नवंबर की ऐतिहासिक तारीख को सन 1949 में भारत की संविधान समिति की तरफ से भारत के संविधान को स्वीकार किया गया था। लेकिन इसे 26 जनवरी 1950 को प्रभावी रूप से लागू किया जा सका। एक भारतीय नागरिक होने के नाते आपको समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति एवं शिक्षा से संबंधित अधिकार मिले हुए है। यदि आप के किसी भी अधिकार का हनन होता है, तो आपको संवैधानिक उपचारों का भी अधिकार प्राप्त है। आज ही के दिन 26 11 हमला हुआ जिससे कई जवान अपने देश के शहीद हुए जिनकी अदान जली सभा कर 2 मिनट का मौन रखते हुए उनको याद किया गया वही संविधान दिवस के दिन चल रहे बस्ती संपर्क अभियान का भी समापन किया गया इस मौके पर बल्ला, सुखराम भारती ,आकाश रावत, सुजीत रावत, राजू ,महेंद्र, जितेंद्र, अभिषेक गुप्ता, संजय कुमार पासी ,अभिजात रावत ,अंकित, बाबूलाल, आशा ,मालती, संजय कुमार, बबलू ,उर्मिला सैकड़ों की संख्या में अनुसूचित समाज के लोग उपस्थित रहे।



# तेज रफ्तार टेंपो के चपेट में आने से बच्चे कि गई जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना जुगैल क्षेत्र के अन्तर्गत चोपन भरहरी हाईवे मार्ग पर एक टैम्प के चपेट में आने से एक 4 वर्षीय बच्चे की गई जान प्राप्त जानकारी के मुताबिक कृष्णा पुत्र श्रवन केवट ग्राम आगोरी खांस का निवासी यह घटना दूपटीया मोड पर हुआ। टैम्पो के तेज रफ्तार के कारण बच्चे कि गई। जान,आये दिन चोपन-भरहरी मार्ग पर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। टैम्पो ड्राईबर ओबर लोड सवारी बैठा कर चलते है इस पर पुलिस ध्यान दे देतो दुर्घटना हो ही नही सकता टैम्पो इतने ओबर लोड कर तेजी मे चलते है और बहुत कम लोगो के पास ड्रायवरी लाईशेन्स और ड्रायवर बीना लाईशेन्स का टैम्पो चलाते है और ओभर सवारी बैठाना बंद हो जाए तो दुर्घटना कम हो जाए। बच्चे कि घटना को सुन कर ग्राम प्रधान अगोरीखांस रामप्रताप साहनी मौजूद रहे। और थाना जुगैल पुलिस ने टैम्पो व चालक को कब्जे मे लेते हुये अग्रीम कार्यवाही मे जुटी जुगैल पुलिस।



# डेढ़ लाख नकद समेत चार बोरी डीएपी चोरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के साधन सहकारी समिति खैरा में शनिवार की रात चोर ताला तोड़कर एक लाख 58 हजार रुपये नकद और चार बोरी डीएपी खाद उठा ले गए। रविवार को सुबह चोरी की जानकारी होने पर समिति के सचिव ने थाने में तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। खैरा गांव स्थित साधन सहकारी समिति का ताला तोड़कर चोर शनिवार की रात नकद रुपये व खाद उठा ले गए। रविवार को सुबह ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी सचिव राम बिहारी सिंह पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा दिखा। उसमें रखी चार बोरी डीएपी व एक लाख 58 हजार रुपये गायब थे। उन्होंने घटना की सूचना डायल 112 पीआरवी व जिगना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस व उप निरीक्षक सच्चितानंद राय आरक्षी मृदुल यादव के साथ मौके पर पहुंचे। सचिव ने बताया कि शनिवार को काफी भीड़ थी। डीएपी व यूरिया खाद का वितरण किसानों को किया जा रहा था। बिक्री के रुपये एक लाख 58 हजार व चार बोरी डीएपी कार्यालय में रखकर घर चले गए थे। सुबह आने पर पता चला कि बाक्स में रखे रुपये व डीएपी खाद गायब है। पुलिस छानबीन कर दो संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है। जल्द ही चोरी के मामले का खुलासा किया जाएगा।



# कार ने दो बाइकों में मारी टक्कर, दो युवक घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** संतनगर के देवरी गांव के सामने लालगंज-कलवारी मार्ग पर रविवार शाम कार ने दो बाइकों में टक्कर हो गई, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां डा. वाजिद जमील ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देख दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। लालगंज क्षेत्र के दुबार निवासी 21 वर्षीय मनोज व शहर कोतवाली क्षेत्र के रामबाग निवासी 22 वर्षीय सुमित रविवार की शाम अपनी बाइक से दीपनगर की तरफ जा रहे थे। देवरी गांव के सामने पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने दोनों बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार व बाइक को कब्जे में लेकर थाने चली गई।




# गांव की बालिकाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहीं देश का प्रतिनिधित्व

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को जनपद स्तरीय सर्वोदय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका समापन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि अब देश बदल रहा है। अब ग्रामीण बालिकाएं भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण स्तर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। प्रतियोगिता के प्रत्येक इवेंट में सात खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप लोवर और टी शर्ट दिए गए। उधर, प्रतियोगिता में बालक वर्ग के 800 मीटर दौड़ में हरिचरन बहेरवा, सोनू बिंद भटौली, धनेश पाल, 1500 मीटर दौड़ में अरविंद यादव खाजगीपुर, कुलदीप धुरिया, शनि तथा 3000 मीटर दौड़ में विकास बेलखरा, आशीष सरिया, दीपक यादव मवैया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में वर्षा बहेरा प्रथम, सुमन विंध्याचल द्वितीय, ज्योति पाल दुमडुमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी को मेडल, 1100 रुपये नकद, ट्रैक शूट व स्पोर्ट शूज तथा द्वितीय स्थान पाने वाले खिलाड़ी को मेडल, ट्रैक शूट व स्पोर्ट शूज और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ी को मेडल व ट्रैक शूट दिया गया। प्रतियोगिता के प्रत्येक इवेंट में प्रत्येक सात खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में लोवर और टी शर्ट दिए गए। इसके पूर्व खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ चुनार क्षेत्राधिकारी रामानंद राय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। आयोजक गौरीशंकर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। निर्णायक मंडल में अवधेश सिंह व्यायाम शिक्षक जमालपुर, रवि,

# मौके को नहीं भुना पा रहे हैं रिषभ पंत, कुछ दिनों के लिए ले लेना चाहिए ब्रेक पूर्व क्रिकेटर ने दी सलाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रिषभ पंत न्यूजीलैंड दौरे पर बतौर उप-कप्तान टीम में शामिल हैं, लेकिन बल्ले से वह कुछ खास नहीं कर पा रहे हैं। टी20 सीरीज के बाद वनडे सीरीज में भी इसके अलावा तीन ऐसे मौके हैं जब वह सिंगल डिजीट स्कोर पर आउट हुए हैं। वनडे क्रिकेट में उनका प्रदर्शन टी20 की तुलना में थोड़ा बेहतर है। आखिरी 10 इनिंग में उन्होंने एक शतक और 3 अर्धशतक पंत को इंटरनेशनल क्रिकेट से ब्रेक दिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने टीम मैनेजमेंट पर भी सवाल उठाया है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से कहा कि ठआप उन्हें ब्रेक देकर कुछ दिन इंतजार करने



उन्हें मौके मिल रहे हैं, लेकिन जिस तरह की क्रिकेट के लिए वह जाने जाते हैं वह अब तक देखने को नहीं मिली है टी20 क्रिकेट में मिल रहे मौकों की बात करें तो वह अपनी प्रतिभा के अनुसार नहीं खेल पा रहे हैं। पिछले 10 इनिंग में उन्होंने केवल 1 बार 40 से ज्यादा, 2 बार 30 से ज्यादा और 2 से ज्यादा बार 20 रन की पारी खेली है। लगाया है न्यूजीलैंड दौरे पर भी वह टीम का हिस्सा हैं। 3 टी20 मैच की सीरीज में उन्होंने कुल 33 रन जबकि पहले वनडे मैच में 15 रन की पारी खेली है। पंत को लगातार मिलते मौके पर पूर्व भारतीय ओपनर और 1983 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य कृष्णमाचारी श्रीकांत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि को कह सकते हैं। वह खुद को हैंडल नहीं कर पा रहे हैं। आप कुछ मैच का इंतजार कर रहे हैं या फिर उन्हें एक या दो मैच के बाद ब्रेक दे रहे हैं। वह अपने मौके को नहीं भुना पा रहे हैं। मैं उनके प्रदर्शन से निराश हूं उन्होंने कहा कि आप इन मौकों को यूं ही जाने दे रहे हैं। वर्ल्ड कप आने वाला है, लोग कह रहे हैं कि वह स्कोर नहीं कर रहे हैं।

# वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज डेविड मरे का 72 साल की उम्र में निधन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज डेविड मरे का 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के एक बयान के अनुसार, मरे का शुक्रवार रात निधन हो गया। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में कहा,क्रिकेट फ्रेडरिक्स रोहन कन्हाई और क्लाइव लॉयड शामिल थे। उनका टेस्ट डेब्यू 1978 में गुयाना में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था। कुल मिलाकर, उन्होंने 19 टेस्ट, 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 114 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हैं सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने मरे को श्रद्धांजलि दी, सीडब्ल्यूआई की ओर से, मैं रिकी और डेविड के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। डेविड एक



वेस्टइंडीज ने आज बारबाडोस और वेस्टइंडीज के पूर्व विकेटकीपर डेविड मरे का शुक्रवार रात निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे।मरे वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी एवर्टन वीक्स के बेटे थे। मरे के बेटे रिकी होयटे ने विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में बारबाडोस और वेस्टइंडीज 'ए' टीम का प्रतिनिधित्व किया है। मरे का वेस्टइंडीज के साथ पहला दौरा 1973 में इंग्लैंड का किया था। उन्होंने वेस्टइंडीज की पुरुष टीम द्वारा खेले गए दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में डेब्यू किया, जिसमें लांस गिब्स, रॉय प्रतिभाशाली विकेटकीपर और एक स्टाइलिश मध्य-क्रम के बल्लेबाज थे। वह क्रिकेट के खेल से प्यार करते थे, और अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलते थे 19 टेस्ट में मरे ने 84 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 21.46 की औसत से 601 रन बनाए। उन्होंने तीन अर्द्धशतक लगाए। मरे ने 57 कैच भी लिए और टेस्ट में पांच स्टंपिंग की। 10 एकदिवसीय मैचों में मरे ने 35 के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर के साथ 9.00 की औसत से 45 रन बनाए। उन्होंने इस प्रारूप में 16 कैच भी लपके।

# डोसा बनाते दिखे इरफान पठान और सुरेश रैना, फैंस ने किया मजेदार कमेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना आज 36 साल के हो गए। रैना का जन्म 27 नवंबर 1986 को हुआ था। सुरेश रैना को हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें रैना और इरफान दोनों डोसा बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इरफान ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मेरे प्यारे दोस्त और मस्ती टी20 क्रिकेट में उन्होंने एक शतक के साथ 1605 रन बनाए। टेस्ट मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और 18 टेस्ट मैचों में उनके बल्ले से महज 768 रन ही निकले



मिस्टर आइपीएल के नाम से भी जाना जाता है। रैना भारत के लिए वनडे, टेस्ट और टी20 में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। रैना को धोनी के सबसे खास दोस्तों में से एक माना जाता है। दोनों ने एक ही दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास की घोषणा की थी। रैना के बर्थडे पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। इरफान पठान ने अपने ट्विटर करने वाले लड़के रैना को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। चल भाई डासा खिलाऊं तुझे। वीडियो पोस्ट होते ही वायरल हो गया। फैंस ने इस पर टिप्पणी करते हुए सुरेश रैना को जन्मदिन की बधाई दी है। एक फैंस ने लिखा, एक डोसा इधर भी सर जी। वहीं एक फैंस ने लिखा, सिर्फ बनाया होगा खाया नहीं होगा।सुरेश रैना ने भारत के लिए 226 वनडे मैचों में पांच शतकों की मदद से 5615 रन बनाए हैं। 78 हैं। रैना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करीब 8 हजार रन बनाए हैं। रैना ने 2018 में इंग्लैंड के दौरे पर अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। मिस्टर आइपीएल ने आइपीएल में 205 मैच में 5528 रन बनाए हैं। रैना घ्श्र्थ् में सबसे पहले 5000 रन वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने धोनी की टीम ण्एख् को चार बार चैंपियन बनाने में बड़ा योगदान दिया है। इसके चलते उन्हें मिस्टर के नाम से जाना जाता है।

# बांग्लादेश दौरे से पहले एक्शन में दिखे रोहित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 4 दिसंबर को बांग्लादेश दौरे की शुरुआत करेगी। कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज की तैयारी शुरू कर दी है। रोहित ने हाल ही में अपने इंटेंस ट्रेनिंग



सेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में भारतीय कप्तान को बांग्लादेश दौरे से पहले नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखा जा सकता है। भारत, रोहित शर्मा के नेतृत्व में बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला वनडे 4 दिसंबर को ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। वनडे और टेस्ट दोनों ही भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण होने की उम्मीद हैं।

# पाकिस्तान वर्ल्ड कप खेलने अगर नहीं आता है तो इससे भारत पर क्यों कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ रमीज राजा ने हाल ही में कहा था कि अगर भारत एशिया कप 2023 में खेलने पाकिस्तान नहीं आता है तो पाकिस्तान भी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हिस्सा लेने के लिए भारत नहीं वनडे वर्ल्ड कप में खेलने से मना करता है तो इसमें उसका ही नुकसान होगा। कनेरिया ने कहा कि पीसीबी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह आइसीसी के किसी इवेंट का बहिष्कार कर सके। दूसरी ओर, भारत को परवाह नहीं है कि पाकिस्तान नहीं आता है। उनके आइसीसी का दवाब था। अगर वो आइसीसी इवेंट को छोड़ने की बात बार-बार करेंगे तो इससे पाकिस्तान क्रिकेट बुरी तरह से प्रभावित होगा। कनेरिया ने कहा कि एशिया कप में भी अभी काफी वक्त है और हम इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि देश में सबकुछ ठीक हो जाएगा।



जाएगा। रमीज राजा के इस बयान के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया का मानना है कि राजा के पास बात करने की क्षमता नहीं है साथ ही उन्होंने पीसीबी चीफ को कड़ी चेतावनी भी दे दी। दानिश कनेरिया का मानना है कि पीसीबी की इस धमकी का भारत पर कोई असर नहीं होगा और अगर पाकिस्तान पास एक बड़ा बाजार है जो बहुत अधिक राजस्व उत्पन्न करता है। अगर पाकिस्तान भारत नहीं जाता है तो उससे उसका नुकसान होगा ना कि भारत का कुछ बिगड़ेगा। दानिश कनेरिया ने कहा कि पाकिस्तान वर्ल्ड कप के लिए अंत में भारत का दौरा करेगा क्योंकि उसके अधिकारी कहेंगे कि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था क्योंकि हमें नहीं पता कि उस समय क्या स्थिति देश में बन जाए। ऐसा भी हो सकता है कि भारत के अलावा बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसी टीमें भी पाकिस्तान जाने से मना कर दे। पाकिस्तान के लोग चाहते हैं कि एशिया कप का आयोजन उनके देश में हो, लेकिन इस देश में जो स्थिति है उसे देखते हुए पाकिस्तान बैकफुट पर ही है।



# राशिफल



**मेष-**:रियल एस्टेट से जुड़े निवेश से आपको अच्छा मुनाफा होगा. परिवार के लिए किसी अच्छे और ऊंचे लक्ष्य की प्राप्ति की दृष्टि से जानबूझ कर थोड़ा जोखिम उठाया जा सकता है।

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आप कोई खास काम करना चाहते हैं तो आज का दिन बेहतर है। कोई बड़ी जिम्मेदारी आपको मिल सकती है।

**मिथुन-**:आज आप अपने जीवन साथी के स्वभाव में गंभीरता का अनुभव करेंगे. व्यापार में आज कोई जोखिम न लें। लोगों को पैसे उधार देने से बचें। आप भावनात्मक रूप से असुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

**कर्क-**:स्वास्थ्य को लेकर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। यात्रा और धन खर्च करने के मूड में रहेंगे लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

**सिंह-**:आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा. सेहत में उतार-चढ़ाव हो सकता है। परिवार के कारण आपका मूड थोड़ा खराब हो सकता है। आप खुद को व्यस्त रखने की कोशिश करेंगे।

**कन्या-**:आज आपको अपने परिवार वालों से कोई उपहार मिल सकता है. बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। विद्यार्थी भी मन लगाकर मेहनत करेंगे। कड़ी मेहनत के कारण आपको सफलता मिलेगी।

**तुला-**: निवेश से जुड़े अहम फैसले किसी और दिन के लिए छोड़ देने चाहिए. शाम को अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या मूवी देखना आपको सुकून और खुशी का अनुभव कराएगा।

**वृश्चिक-**:आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे। इस राशि के छात्रों के मन में सकारात्मक विचार आएंगे।

**धनु-**:आज नौकरी के क्षेत्र में किया गया प्रयास सफल होगा. परिवार के सदस्यों के साथ संबंध और मधुर होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी उत्साहित रहेंगे।

**मकर-**:अचानक से परेशानी के कारण परिवार की शांति भंग हो सकती है. लेकिन ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि समय सब कुछ ठीक कर देगा। परेशानी का सामना शांति से करना समय की मांग है।

**कुंभ-**:आज आपको मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा. घर का काम समय पर पूरा करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। आप नई चीजों को जानने के लिए उत्सुक रहेंगे।

**मीन-**:आज आपका जीवन के प्रति दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा. चुप रहना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। भविष्य की योजनाओं के बारे में गहराई से सोचें। प्यार आपके शरीर और दिमाग पर हावी है।






# बतौर ओपनर वनडे में भारत के लिए 10 पारी खेलने के बाद सबसे ज्यादा रन शुभमन गिल के नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल (एर्प्लेस्ह उग्त्) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी और 50 रन की पारी खेली थी। गिल का शानदार फार्म दूसरे वनडे में भी दिखा और उन्होंने 42 गेंदों पर एक छक्का और चार चौकों की मदद से नाबाद 45 रन की पारी खेली। बारिश की वजह की है और उन्होंने इस दौरान कुल 495 रन बनाए हैं। वहीं इससे पहले ये रिकार्ड सचिन तेंदुलकर के नाम पर दर्ज था जिन्होंने बतौर ओपनर वनडे में भारत के लिए पहली 10 पारियों में कुल 478 रन बनाए थे। राहुल द्रविड़ का नाम इस लिस्ट में 463 रन से साथ तीसरे नंबर पर है जबकि 432 रन से साथ शिखर धवन चौथे जबकि 425 रन के साथ वीरेंद्र सहवाग पांचवें नंबर पर हैं। ओपनर



से रद किए गए एक मैच में गिल और अच्छा स्कोर कर सकते थे, लेकिन मैच खेला ही नहीं जा सका। अपनी इस पारी के दम पर शुभमन गिल ने वनडे में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया और सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। भारत की तरफ से बतौर ओपनर अपने वनडे क्रिकेट करियर के पहले 10 इनिंग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड अब शुभमन गिल के नाम पर दर्ज हो गया। शुभमन गिल ने भारत के लिए अब तक 10 पारियों में ओपनिंग के रूप में 10 पारियों के बाद भारत के लिए सर्वाधिक वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज- 495 रन - शुभमन गिल 478 रन - सचिन तेंदुलकर 463 रन - राहुल द्रविड़ 432 रन - शिखर धवन 425 रन - वीरेंद्र सहवागसाल 2022 में शुभमन गिल ने वनडे क्रिकेट में कमाल का प्रदर्शन किया है और अब तक 11 मैचों में उन्होंने 78.12 की औसत के साथ 625 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं जबकि उनका बेस्ट स्कोर 130 रन रहा है।

# इस स्टेडियम में खेला जा सकता है वनडे वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी अगले साल भारत करेगा और इस आइसीसी इवेंट के फाइनल मैच का आयोजन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में किया जा सकता है। आइसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप खिलाफ खेलेगी। जीतने पर हर टीम में दो अंक मिलते हैं जबकि नो-रिजल्ट मैच में दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेंगे। राउंड-राबिन चरण के अंत में चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि एक टीम विनर होगा।



आपको बता दें कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह ने रविवार को बताया कि अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम का नाम आइपीएल फाइनल 2022 के दौरान सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल हो गया है। इस स्टेडियम को पहले गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) स्टेडियम मोटेरा के नाम से जाना जाता था। इसकी क्षमता 110,000 दर्शकों की है जो कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) से लगभग 10,000 अधिक है। एमसीजी की क्षमता 100,024 दर्शकों की है। शाह ने ट्वीट किया कि मुझे गर्व और खुशी है कि जीसीए मोटेरा के भव्य नरेन्द्र मोदी स्टेडियम को किसी एक टी-20 मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक रिकार्ड में शामिल किया गया है।

2023 वनडे वर्ल्ड कप का 13वां संस्करण होगा और भारत चौथी बार इस वर्ल्ड कप को होस्ट करेगा। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक नरेंद्र मोदी स्टेडियम इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच की मेजबानी करने की लिस्ट में पहले नंबर पर है। अहमदाबाद में स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है और इसमें एक लाख दर्शकों के बैठने की क्षमता है। इस आइसीसी इवेंट में 10 टीमें राउंड-राबिन चरण में एक-दूसरे के

# सूर्यकुमार यादव ही नहीं संजू सैमसन भी दूसरे वनडे में ग्राउंड स्टाफ की कुछ ऐसे मदद करते आए नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे मैच बारिश की वजह से पूरा नहीं खेला जा सका और इसे बीच में ही रद करना पड़ा। पर क्रिकेट फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। संजू सैमसन बेशक दूसरे वनडे के लिए भारतीय अंतिम ग्यारह का हिस्सा नहीं थे, लेकिन इसका उन पर कोई प्रभाव रायल्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किया। यही नहीं भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी ग्राउंड स्टाफ की मदद करते हुए नजर आए और हो गई। इसके काफी देर के बाद बारिश रुकी और खेल को 29-29 ओवर का कर दिया गया था, लेकिन टीम इंडिया 12.5 ओवर ही खेल पाई थी कि बारिश फिर से शुरू हो गई और मैच को रद



हालांकि भारतीय टीम को कुछ ओवर्स बल्लेबाजी करने का मौका मिला, लेकिन लगातार हो रही बारिश की वजह से मैच को रद कर दिया गया। इस मैच में भारतीय प्लेइंग इलेवन में संजू सैमसन को शामिल नहीं किया गया था, लेकिन दूसरे मैच के दौरान उन्होंने मैदान पर जो काम किया सोशल मीडिया नहीं पड़ा और वो बारिश के कारण मैच बाधित होने पर सेडन पार्क में ग्राउंड स्टाफ की मदद करते देखे गए।हैमिल्टन के ग्राउंड स्टाफ बारिश के ब्रेक के बाद खेल को फिर से शुरू करने के लिए अथक प्रयास कर रहे थे और तभी संजू सैमसन उनकी मदद करने के लिए आगे आए और इसका वीडियो राजस्थान उनके साथ उन्होंने बातचीत भी की। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि ग्राउंड स्टाफ को सूर्यकुमार यादव से कुछ सहायता मिली। आपको बता दें कि दूसरे वनडे मैच में टास बारिश की वजह से थोड़ा लेट हुआ था, लेकिन मैच समय पर शुरू हो गया और फिर 4.5 ओवर का खेल होने के बाद बारिश शुरू करना पड़ा। भारतीय टीम ने 12.5 ओवर में एक विकेट पर 89 रन बनाए थे। इसमें कप्तान धवन 3 रन बनाकर आउट हो गए थे जबकि शुभमन गिल 42 गेंदों प 45 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि सूर्यकुमार यादव तेज गति से रन बना रहे थे और 25 गेंदों पर उन्होंने 3 छक्के व 2 चौकों की मदद से नाबाद 34 रन की पारी खेली।

## सम्पादकीय

### इतिहास में गुम बलिदान की गाथाएं, देश की आजादी की लड़ाई में कई शहीद नहीं बन सके पाठ्यक्रम का हिस्सा

भारत में जलियांवाला बाग जैसी जघन्य घटना से तो हर कोई परिचित है, पर देश में ऐसे अनगिनत अछूते स्थल हैं, जहां की मिट्टी को चूमने और उसका तिलक करने का मन बार-बार करता है। यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि देश की आजादी की खातिर उन्होंने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। देश को आजादी दिलाने के लिए न जाने कितने देशभक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान किया, लेकिन वे न तो इतिहास लेखन का हिस्सा बन सके और न ही पाठ्यकम का। ऐसा ही एक स्थल है, मानगढ़ धाम। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित यह एक ऐसा स्मारक है, जो गुरुभक्ति और देशभक्ति को एक साथ दर्शाता है। करीब सौ साल पहले 17 नवंबर, 1913 को मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर गुरु का जन्मदिन मनाने के लिए एकत्र हुए हजारों गुरुभक्तों को ब्रिटिश सेना ने मौत के घाट उतार दिया था। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां जाकर आदिवासियों के इस प्रमुख तीर्थ स्थल को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिया। मानगढ़ धाम में जो नरसंहार हुआ, वह अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की पराकाष्ठा थी। वहां करीब डेढ़ हजार महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को घेरकर मौत के घाट उतार दिया गया था। यह शायद पहली बार है, जब देश ने मानगढ़ धाम के बारे में विस्तार से जाना। इसी तरह का एक स्थल उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में है, जहां अंग्रेजों ने एक साथ 52 क्रांतिकारियों को इमली के पेड़ पर लटका दिया था, लेकिन इतिहासकारों की पूर्वाग्रही दृष्टि ने इतनी बड़ी घटना को गुमनामी के अंधेरों में ढके रखा। बावनी इमली एक इमली का पेड़ है, जो भारत में शहीद स्मारक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। उसी इमली के पेड़ पर 28 अप्रैल, 1858 को ब्रिटिश सेना ने गौतम क्षत्रिय, जोधा सिंह अटैया और उनके 51 साथियों को फांसी पर लटका दिया था। यह स्मारक फतेहपुर जिले के बिंदकी तहसील स्थित खजुआ कस्बे के निकट मुगल रोड पर है। यह स्मारक स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों का प्रतीक है। इसी तरह 1857 की क्रांति के दौरान रुड़की में अंग्रेजों द्वारा सैकड़ों देशभक्तों को वट वृक्ष पर लटका कर फांसी दे दी गई थी। दरअसल वहां के किसानों ने अंग्रेजी हुकूमत का कड़ा प्रतिवाद किया था। परिणामस्वरूप अंग्रेजों ने उनका दमन किया था। आजादी की शानदार विरासत को समेटे वह वट वृक्ष आज भी पूरी शान से खड़ा है। कानपुर में 1857 में बीबीघर के अहाते में खड़े बरगद के पेड़ पर हुई घटना ने भी सबको हिलाकर रख दिया था, क्योंकि अंग्रेजों द्वारा उसकी शाखाओं पर 133 लोगों को फांसी पर लटका दिया गया था। यह घृणित काम 25 जुलाई, 1857 को हैवलाक कर्नल नील ने किया था। कर्नल नील भारतीयों के लिए हैवान था। नील के एक पत्र से उसकी क्रूर मानसिकता का पता चलता है। पत्र में उसने लिखा था कि मैं हिंदुस्तानियों को दिखा देना चाहता हूं कि हमारे द्वारा दिए दंड से उनकी रूह कांप उठेगी और वे उसे कभी भूल नहीं पाएंगे। बीबीघर के फर्श पर जमे रक्त को कर्नल नील हिंदुस्तानियों से साफ कराता था। जो इससे इन्कार करते थे उन पर कोड़े बरसाए जाते थे। उसके बाद उन्हें फांसी दे दी जाती थी। वह बूढ़ा बरगद आज भी 133 लोगों की फांसी का मूक गवाह है। इसी तरह बस्ती जिले के छावनी कस्बे में एक पेड़ पर तमाम क्रांतिकारियों को एक साथ फांसी दी गई थी। आज भी वह कस्बा उनके बलिदान का गवाह है। वास्तव में 1857 में देश की आजादी की लड़ाई में कई लोगों ने बलिदान दिया था, लेकिन हमें उनमें से अधिकतर लोगों के नाम की जानकारी नहीं है। जैसे डुमरियागंज में 26 नवंबर, 1858 को 80 से अधिक क्रांतिकारी अंग्रेजों से संघर्ष में वीरगति को प्राप्त हुए थे, जिसका जिक्र आज तक इतिहास के पन्नों में नहीं है। उस घटना के अनुसार बिग्रेडियर कमांडिंग गोरखपुर को सूचना मिली कि डुमरियागंज से एक मील दक्षिण में आम के बगीचों में लगभग 1000 क्रांतिकारी मौजूद हैं। इस सूचना पर एक अंग्रेज अफसर अपनी सैन्य टुकड़ी के साथ वहां पहुंचा। इसकी भनक क्रांतिकारियों को भी लग गई। उन्होंने भी तैयारी कर ली। अंततः अंग्रेजों और क्रांतिकारियों के बीच भीषण संघर्ष हुआ।

# साकार होतीं भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाएं

इस समय जब वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की चुनौतियों से घिरी हुई है, तब भारत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के जरिये आगामी वर्षों में निवेश, निर्यात, रोजगार और विकास की तेज रफ्तार की रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। पिछले दिनों आस्ट्रेलियाई संसद ने भारत के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) को मंजूरी दे दी। भारत-आस्ट्रेलिया के उद्योग मंत्रियों ने दो अप्रैल को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके एक जनवरी, 2023 से लागू होने की उम्मीद है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच वर्तमान द्विपक्षीय व्यापार को करीब 27 अरब डालर से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 45 से 50 अरब डालर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। एफटीए के लागू होने के बाद आस्ट्रेलिया को भारत का करीब 96 प्रतिशत निर्यात और भारत को आस्ट्रेलिया का करीब 85 प्रतिशत निर्यात शुल्क मुक्ति के साथ किया जा सकेगा। इसके तहत कपड़ा, आभूषण, चमड़ा, कृषि एवं मत्स्य उत्पाद और इलेक्ट्रिक आदि सामानों को आस्ट्रेलिया में शुल्क मुक्त पहुंच मिल सकेगी। भारत ने आस्ट्रेलिया के लिए जिन वस्तुओं पर शून्य शुल्क की पेशकश की है, उनमें मुख्य रूप से कच्ची सामग्री, कोयला, खनिज और मध्यवर्ती सामान शामिल हैं। सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) के मुताबिक भारत-आस्ट्रेलिया के बीच हुए एफटीए से दोनों देशों के बीच वर्तमान 1.9 अरब डालर का सेवा निर्यात आगामी पांच वर्ष में बढ़कर पांच अरब डालर होने का अनुमान है। हमारे प्रतिस्पर्धी बांग्लादेश का आस्ट्रेलिया के साथ पहले ही एफटीए है। इससे उसे पांच प्रतिशत का लाभ मिलता है।




अब नए समझौते से शुल्क मुक्ति के कारण भारत भी अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाकर आस्ट्रेलिया में निर्यात बढ़ा सकेगा। उल्लेखनीय है कि भारत-आस्ट्रेलिया के बीच एफटीए इस वर्ष हुआ दूसरा एफटीए है। इसके पहले फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ इसी तरह का समझौता हुआ था। इस एफटीए को समग्र आर्थिक साझेदारी समझौता (सीपा) नाम दिया गया है। इस व्यापार समझौते से भारत और यूएई के बीच वस्तुओं का कारोबार पांच साल में दोगुना बढ़ाकर 100 अरब डालर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जो कि इस समय करीब 60 अरब डालर है। इस समय यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और अमेरिका के बाद दूसरा बड़ा निर्यात केंद्र है। एफटीए के तहत दोनों देशों द्वारा इस वर्ष एक मई से विभिन्न क्षेत्रों की निर्धारित वस्तुओं को शुल्क मुक्त और रियायती शुल्क पर व्यापार की अनुमति दी गई है। भारत द्वारा यूएई को कपड़ा, आभूषण, फार्मा उत्पाद, मेडिकल उपकरण, चमड़े के उत्पाद, हस्तशिल्प एवं खेलकूद के सामान, कीमती रत्न, खनिज, खाद्य वस्तुएं, मशीनरी एवं रसायन जैसे उत्पाद निर्धारित रियायतों पर भेजे जा रहे हैं। यूएई के बाजार में अब किसी भी भारतीय फार्मा उत्पाद को आवेदन करने के 90 दिनों में शून्य शुल्क पर बिक्री की इजाजत मिल जाएगी। एफटीए लागू होने के बाद वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भी हर महीने भारत से यूएई को निर्यात में वृद्धि हो रही है। पिछले साल जून से अक्टूबर के दौरान भारत ने यूएई को 11.27 अरब डालर का निर्यात किया था, जो इस वर्ष इसी अवधि में बढ़कर 12.67 अरब डालर तक पहुंच गया है। इतना ही नहीं एफटीए के कारण ड्यूटी में कमी होने से इस वर्ष मई से अक्टूबर तक यूएई को किए गए निर्यात से भारत को 1235 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। भारत द्वारा आस्ट्रेलिया और यूएई के साथ एफटीए लाभकारी हैं। ज्ञात हो कि 15 नवंबर, 2020 को अस्तित्व में आए दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड समझौते रीजनल कांप्रिहेंसिव इकोनमिक पार्टनरशिप (आरसेप) में भारत ने अपने आर्थिक एवं कारोबारी हितों के मद्देनजर शामिल होना उचित नहीं समझा था। फिर आरसेप से दूरी के बाद एफटीए की डगर पर आगे बढ़ने की नई सोच विकसित की गई। इस समय भारत विदेश व्यापार नीति को नया मोड़ देते हुए दुनिया के प्रमुख देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे दुनिया में यह संदेश जा रहा है कि भारत के दरवाजे वैश्विक व्यापार और कारोबार के लिए तेजी से खुल रहे हैं।भारत द्वारा आस्ट्रेलिया और यूएई के साथ एफटीए के बाद अब कनाडा, ब्रिटेन, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजरायल के साथ एफटीए के लिए तेजी से रणनीतिक कदम आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ये ऐसे देश हैं, जिनके साथ एफटीए भारत के लिए अधिक लाभप्रद साबित होंगे। ये देश भारत के विशेष उत्पादों के लिए अपने बाजार के दरवाजे भी खोलने को उत्सुक हैं। इससे भारतीय वस्तुओं और सेवा क्षेत्र की पहुंच दुनिया के एक बहुत बड़े बाजार तक हो सकेगी। गत दिनों जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ हुई वार्ता के बाद भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र आकार लेने की संभावना बढ़ी है। हम उम्मीद करें कि जब 2023 में भारत के हाथों में जी-20 की कमान होगी और कई देशों के साथ भारत के एफटीए का विस्तार होगा तो देश में विदेशी निवेश बढ़ेगा तथा देश मैन्यूफैक्चरिंग हब एवं 'मेक फार द वर्ल्ड' के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ेगा। प्रसिद्ध वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टैनली की रिपोर्ट में वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की जो प्रबल संभावना बताई गई है, वह साकार होते हुए दिखाई देगी।


# लचित बरफुकन जैसे वीरों को सम्मान देने में इतने वर्ष लग गए



देश इस समय लचित बरफुकन को याद कर रहा है। उनकी 400वीं जन्म-जयंती के उपलक्ष्य में बीते दिनों राजधानी दिल्ली में आयोजन भी हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस आयोजन में भाग लिया। असम में 1228 से 1826 तक यानी करीब 600 वर्ष तक अहोम राज्य रहा। बरफुकन इसी के राजा चक्रध्वज सिंह के सेनापति थे। उन्होंने औरंगजेब की मुगल सेना को जिस तरह परास्त किया, वह भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाना चाहिए था। दुर्भाग्य से आजादी के 75 वर्ष बाद उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है। यदि हम अहोम इतिहास का अवलोकन करें तो पाएंगे कि उसने विदेशी आक्रमणकारियों को बार-बार हराया। बीच-बीच में हारने के बावजूद अंततोगत्वा उन्हीं की विजय होती थी। अहोम राज्य की स्थापना सुकाफा ने 13वीं शताब्दी के प्रारंभ में की थी। एडवर्ड गेट के अनुसार 1527 में मुस्लिमों ने पहली बार अहोम पर हमला किया, परंतु वे बुरी तरह हार गए। अहोम सैनिकों ने उनसे 40 घोड़े और 20 तोपें छीन लीं। एक और युद्ध तेमानी में हुआ। वहां भी अहोम विजयी हुए। यहां उन्होंने मुस्लिम सेनानायक को भी मार गिराया। 1535 में अहोम और मुस्लिमों के बीच फिर युद्ध हुआ। उसमें भी मुस्लिमों के कमांडर सहित 1500 से 2500 आक्रमणकारी मारे गए। अहोम राज्य की बागडोर 1603 से 1641 के बीच प्रताप सिंह के हाथ में थी। वह अत्यंत योग्य और महत्वाकांक्षी राजा थे। उनके शासन में कई सड़कें बनीं, तालाब खोदे गए, पिछड़े इलाकों का विकास किया गया। उनके कार्यकाल में मुगलों ने पहली बार 1615 में असम पर आक्रमण किया। बंगाल के गवर्नर शेख कासिम के आदेश से सैयद हाकम एक बड़ी फौज लेकर गया था। उसमें करीब 10,000 सैनिक और घुड़सवार थे। भारी संख्या में पानी के जहाज भी थे। शुरू में मुगलों को कुछ सफलता मिली, परंतु बाद में अहोम सेना ने रात्रि के समय एकाएक हमला करके उन्हें करारी शिकस्त दी। इतिहासकारों ने लिखा है कि नरमुंडों का पहाड़ बना दिया गया था और आक्रमणकारियों के हाथी, घोड़े, तोप, नाव और गोला-बारूद अहोम सैनिकों ने अपने कब्जे में ले लिए थे। बंगाल के मुगल सूबेदार मीर जुमला ने 1662 में असम पर आक्रमण किया। उसकी विशाल एवं सुसज्जित सेना के विरुद्ध अहोम टिक नहीं पाए। गुवाहाटी पर भी मुगलों का कब्जा हो गया। अहोम राजा जयध्वज सिंह को 1663 में एक शर्मनाक शांति प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ा। उसके अंतर्गत उन्हें अपनी एक पुत्री को शाही हरम में भेजना पड़ा और 20 हजार तोला सोना, तीन लाख तोला चांदी और 130 हाथी मुगलों को देने पड़े। उनके उत्तराधिकारी चक्रध्वज सिंह को हार का बहुत मलाल था। उन्होंने संकल्प लिया कि वह मुगलों से बदला लेकर रहेंगे। उन्होंने अपनी सेना का पुनर्गठन किया और लचित बरफुकन को सेनापति बनाया। बरफुकन ने गुवाहाटी को फिर से जीत लिया और उसे अपना मुख्यालय बनाकर मुगलों पर आक्रमण करने लगे। औरंगजेब को जब बरफुकन की विजय का पता चला तो उसने राजा राम सिंह के नेतृत्व में फौज भेजी। फौज में 30,000 सैनिक, 18,000 घुड़सवार और 15,000 तीरंदाज थे। इतनी बड़ी सेना का सामना करने के लिए अहोम तैयार नहीं थे। इसलिए कुछ समय बातचीत के जरिये मुगलों को उलझाने की कोशिश की, परंतु मुगलों ने ऐसी शर्तें रखीं, जो अहोम राजा को बिल्कुल स्वीकार्य नहीं थीं। बरफुकन ने कहा कि वह एक भी इंच जमीन देने के बजाय लड़ना पसंद करेंगे, परंतु वह भी जानते थे कि खुले मैदान में मुगल सेना का सामना मुश्किल है। इसलिए उन्होंने शुरू में गोरिल्ला युद्ध यानी छापामार लड़ाई लड़ी। कहीं मुगल मात खा जाते थे तो कहीं अहोम सेना को क्षति होती थी। कुछ महीनों तक इस तरह लड़ाई चलती रही। बाद में 1669 में बरफुकन ने मुगल सेना का सामना किया, परंतु इसमें उनकी हार हुई और करीब एक हजार अहोम सैनिक मारे गए। इस बीच चक्रध्वज सिंह की मृत्यु हो गई और उदयदित्य सिंह अगले अहोम राजा बने। बरफुकन ने करीब दो वर्ष का समय अहोम सेना को नए सिरे से तैयार करने में लगाया। राजा राम सिंह ने मुगल दरबार को पत्र में लिखा कि अहोम सैनिकों ने नदी के दोनों किनारों पर मोर्चाबंदी कर रखी है और केवल पानी की लड़ाई ही हो सकती है। बरफुकन ने ऐसी व्यूह रचना रची कि मुगल फौज से सामना सरायघाट में हो, जहां ब्रह्मपुत्र नदी एकदम संकरी हो जाती है। दुर्भाग्य से 1671 की इस लड़ाई के समय बरफुकन बीमार पड़ गए और युद्ध क्षेत्र में नहीं जा सके। लड़ाई में मुगलों का पलड़ा भारी होने लगा। बरफुकन को सूचना दी गई कि अहोम सैनिकों के पैर उखड़ रहे हैं। उनसे रुका नहीं गया। वह बीमारी की हालत में भी रण क्षेत्र में कूद गए। उन्होंने सिपाहियों में इतना जोश भर दिया कि पूरी बाजी ही पलट गई। अहोम सैनिकों ने नदी किनारे और नाव से मुगल सैनिकों पर तीव्र आक्रमण किया। बरफुकन के नेतृत्व में अहोम की ऐतिहासिक विजय हुई। मुगल एडमिरल मुनव्वर खां और करीब 4,000 मुगल सिपाही इस युद्ध में मारे गए। राजा राम सिंह ने लिखा कि उन्होंने इतने बहादुर सैनिक कहीं नहीं देखे। अहोम सैनिक हर काम में दक्ष थे। प्रत्येक सैनिक तीर और बंदूक भी चला सकता था और नाव भी खे सकता था। इस हार के बाद मुगलों ने असम पर विजय पाने का इरादा हमेशा के लिए छोड़ दिया। सरायघाट में हुए युद्ध का भारत के इतिहास में विशेष महत्व है। अहोम राज्य ने मुगल साम्राज्य की सीमा को उत्तर-पूर्व में बढ़ने नहीं दिया। इससे असम की संस्कृति बची रही। यह अफसोस की बात है कि स्वतंत्र भारत में भी हमें लचित बरफुकन जैसे वीरों को सम्मान देने में इतने वर्ष लग गए। सच तो यह है कि देश के विभिन्न भागों में अभी और बहुत से वीर ऐसे हैं, जिन्हें इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला है। उनके बारे में अधिकांश देशवासी अनभिज्ञ हैं, जैसे कि जोरावर सिंह, जो अपनी सेना लेकर तिब्बत तक चले गए थे या हरि सिंह नलवा, जिन्होंने अपना दबदबा अफगानिस्तान में भी कायम कर लिया था। आखिर ऐसे वीरों के बारे में कितने भारतीय जानते हैं

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण से सामाजिक न्याय को मिला नया आयाम, सुप्रीम कोर्ट ने ठहराया न्यायसंगत

सामान्य श्रेणी के कमजोर आर्थिक वर्ग यानी ईडब्ल्यूएस कोटे को लेकर




सुप्रीम कोर्ट का फैसला देश में सामाजिक न्याय की मुहिम में एक मील का पत्थर है। इसके माध्यम से शीर्ष अदालत ने सवर्ण वर्ग के लिए आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था को न्यायसंगत ठहराया है। इसके साथ ही इस आरक्षण से जुड़े 103वें संविधान संशोधन को लेकर ऊहापोह और भ्रम की स्थिति दूर हुई। शीर्ष अदालत ने इस संशोधन को लेकर दी जा रही ऐसी दलीलों को भी खारिज कर दिया कि आर्थिक आधार पर आरक्षण संविधान के मूल ढांचे (केशवानंद भारती, 1973 मामले) का उल्लंघन करता है और इस कारण यह आरक्षण का आधार नहीं हो सकता। पांच सदस्यीय पीठ ने बहुमत से इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि इस 10 प्रतिशत आरक्षण से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी की गैर-क्रीमी लेयर को बाहर रखना किसी प्रकार का भेदभाव है। इसके अतिरिक्त यह दलील भी कहीं नहीं ठहर पाई कि यह संविधान संशोधन आरक्षण पर प्रवर्तित 50 प्रतिशत की सीमा रेखा का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने संविधान संशोधन के मर्म पर बहुमत से मुहर लगाई कि आर्थिक विपन्नता और संबंधित पहलुओं का समाधान गरीबों का सशक्तीकरण करने की सरकारी अफर्मेटिव एक्शन योजनाओं का हिस्सा होना चाहिए, जो पिछड़ों के लिए जातिगत आरक्षण के दायरे में नहीं आता। पीठ में बहुमत के निर्णय के मूल भाव को अल्पमत न्यायाधीशों ने भी स्वीकार किया है कि मानवीय गरिमा पर गरीबी के घातक प्रभाव जाति-निरपेक्ष हैं। वास्तव में गरीबी जाति या कोई अन्य पहचान देखकर त्रस्त नहीं करती।

## संक्षिप्त समाचार

### केवल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार से बात नहीं बनेगी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** इस पर बहस छिड़ना स्वाभाविक है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के सदस्यों ने जैसी टिप्पणियां कीं और केंद्र सरकार से जैसे तीखे सवाल पूछे, क्या उनकी आवश्यकता थी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की एक परिपाटी है। इसी परिपाटी के तहत एक के बाद एक सरकारें उनकी नियुक्ति करती चली आ रही हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर समय-समय पर कुछ सवाल भले उठते रहे हों, लेकिन चुनावों की निष्पक्षता पर कोई उंगली नहीं उठी। चूंकि सत्तारूढ़ दल उन्हीं



चुनाव आयुक्तों के रहते चुनाव हारे और जीते, जिन्हें उन्होंने नियुक्त किया था, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी नियुक्ति में कोई पक्षपात किया गया। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से केंद्र सरकार के प्रति आक्रामक रुख अपनाने का कारण कुछ भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि केंद्र सरकार के मंत्री और विशेष रूप से कानून मंत्री समय-समय पर न्यायाधीशों की नियुक्ति की कोलेजियम व्यवस्था पर टिप्पणी करते रहे हैं। ये टिप्पणियां सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायाधीशों की ओर से कोलेजियम व्यवस्था को सही बताए जाने के बाद भी की गईं। हाल में कानून मंत्री किरण रिजिजू ने न्यायाधीशों की नियुक्तियों में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि कालेजियम प्रणाली की प्रक्रिया बहुत अपारदर्शी है और न्यायपालिका में आंतरिक राजनीति भी मौजूद है। ऐसा लगता है कि उच्चतम न्यायालय को ऐसी टिप्पणियां रास नहीं आ रही हैं और इसीलिए वह केंद्र सरकार के प्रति हमलावर है। सच जो भी हो, उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियां उसके और केंद्र सरकार के बीच तनातनी को रेखांकित कर रही हैं।

# सतना जिले के प्रभारी मंत्री विजय साह जी भृमण के दौरान पहुंचे प्रदेशकार्य समिति के सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी के कार्यालय

(आधुनिक समाचार सेवा)

**सतना।** मध्यप्रदेश बीजेपी सरकार के सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शाह जी के दो दिवसीय प्रदेश भृमण पर मैहर भाजपा कार्यालय जी, चित्रकूट के पूर्व विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्तोष सोनी, नितिन ताम्रकार जी एवम नगर के चारो मण्डल अध्यक्ष युवामोर्चा के



प्रदेशकार्य समिति के सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी एवं मैहर के समस्त पदाधिकारियों सदस्य गणो से कार्यालय में बैठक कर विकास के संदर्भ में कुछ चर्चाएं एवम किया स्वल्पाहार। इस अल्प प्रवास में मंत्री जी का स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह सदस्य महामंत्री सदस्य गण उपस्थित रहे। मंत्री जी का इस अल्प प्रवास पर श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने आभार प्रकट करते हुए मैहर के विकास हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान का ज्ञापन भी सौंपा गया।

# मन की बात मेरे लिए किसी आध्यात्मिक अनुभव से कम नहीं - पीएम मोदी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार महानगर के सभी मंडलों में प्रत्येक वार्डसह मन की बात कार्यक्रम को स्थानीय लोगों के साथ देखने सुनने व चाय पे



चर्चा का आयोजन किया गया। उसी कड़ी में राजनगर मंडल के वार्ड 71 में कार्यक्रम संयोजक प्रदीप चौधरी ने संजय नगर सैक्टर 23 एच ब्लॉक स्थित अपने आवास पर 95 वें पीएम मन की बात कार्यक्रम को सुनने देखने का आयोजन चाय पे चर्चा के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, जी-20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा मौका बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हम बहुत तेजी से इस कार्यक्रम के शतक की तरफ बढ़ रहे हैं। यह कार्यक्रम मेरे लिए 130 करोड़ देशवासियों से जुड़ने का एक और माध्यम है। हर एपिसोड से पहले, गांव-शहरों से आये ढ़ेर सारे पत्रों को पढ़ना, बच्चों से लेकर बुजुर्गों के ऑडियो मैसेज को सुनना, ये मेरे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव की तरह होता है। पीएम ने कहा, जी-20 की दुनिया की जनसंख्या में दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार में तीन-चौथाई और वर्ल्ड जीडीपी में में 85ब् भागीदारी है।

# बार एसोसिएशन व नोएडा बार एसोसिएशन के कर अधिवक्ताओं की माँगो के आगे झुका राज्य कर विभाग

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** गौतम बुध नगर बार एसोसिएशन (पंजीकृत) व नोएडा बार एसोसिएशन द्वारा धरना व हड़ताल का दूसरे दिन असिस्टेंट कमिशनर अमित कुमार के तबादले व सचल दल कार्यालय राज्य कर विभाग से भ्रष्ट परिवेटाईजड सिंडिकेट को समाप्त करने की माँग व साथी अधिवक्ता के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में अड़े कर मंगल नोएडा बार एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि एडिशनल कमिशनर राज्य कर विभाग गौतम बुध नगर द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया है की भविष्य में राज्य कर विभाग के समस्त अधिकारी अधिवक्ता भाइयों के साथ सम्मान पूर्वक पेश आएँगे व यह भी बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर अमित कुमार के सचल दल से तत्काल तैनाती हटाने हेतु मुख्यालय को आख्या प्रदेश स्वयं धरना स्थल पर पहुँचे व इस आंदोलन को प्रदेश स्तर पर पहुँचाया, जिसके लिए बार एसोसिएशनस के पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया। संस्थापक सदस्य, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व महासचिव द्वारा समर्थन हेतु उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन व उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन, समर्थन देने वाली प्रदेश कि समस्त बार एसो सिएशन



अधिवक्ताओं की माँगो को आज राज्य कर विभाग गौतम बुध नगर ने स्वीकार करते हुए एक लिखित सूचना के माध्यम से एडीशनल कमिशनर राजाराम गुप्ता, जोईंट कमिशनर मनोज विश्कर्मा व श्रीमती राश्मी श्रीवास्तव द्वारा लिखित सहमति पत्र बार एसोसिएशनस को धरना स्थल पर प्रदान किया गया व अधिवक्ताओं से धरना व हड़ताल समाप्त करने की अपील की, अधिवक्ताओं द्वारा माँगे पूर्ण होने व सहमति पत्र का स्वागत करते हुए अधिकारियों के अनुरोध पर धरना व हड़ताल को बार एसोसिएशनस द्वारा समाप्त किया गया। शीतल त्यागी, गौतम बुध नगर बार एसोसिएशन व अध्यक्ष दीपक प्रेषित कर दी गयी है जिस पर शीघ्र अति शीघ्र कार्यवाही सम्पन की जाएगी। महासचिव डॉ. अंकित मित्तल गौतम बुध नगर बार एसोसिएशन व महासचिव मनोज बैसोया नॉएडा बार एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि एडिशनल कमिशनर राज्य कर विभाग गौतम बुध नगर द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया है कि गौतम बुध नगर सचल दल में परिवेटाईजड सिंडिकेट तत्काल समाप्त किया जाता है व भविष्य में यदि कोई भी प्राइवट व्यक्ति कार्यालय में कार्य करता पाया जाता है तो उस कार्यालय के अधिकारी पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अधिवक्ता अनिमेष मित्तल प्रतिनिधि बार काउन्सिल ओफ़ उत्तर का आभार व्यक्त किया तथा धरने में पधार आंदोलन को सफल बनाने हेतु समस्त अधिवक्ताओं का हृदय से आभार व धन्यवाद प्रेक्षित किया गया। धरने में भारी संख्या में कर अधिवक्ताओं ने शिरकत कर एक स्वर में अपनी माँगों की आवाज़ को बुलंद कर अपनी माँगो को पूरा कराया, धरने में पूर्व अध्यक्ष सुशील नागर, रविंद्र बंसल, पूर्व महासचिव व उपाध्यक्ष अंकित गोयल, अश्विनी शर्मा, सचिव विनय गोयल, अनिल चौहान, सचिन गर्ग, सह सचिव एम.सी. शर्मा , कोषाध्यक्ष इंद्राज, समस्त कार्यकारिण सदस्य व समस्त अधिवक्ता सदस्य उपस्थिति रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे विधिक साक्षरता शिविर लगाकर जनसामान्य को किया गया जागरूक

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** न्यायालय परिसर-संविधान दिवस 26 नवम्बर 2022 के अवसर पर श्री अवनीश सक्सैना जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर प्रताप सिंह अपर जिला जज/एफ0टी0सी0, प्रथम, श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0द्वितीय श्री सुशील कुमार, सिविल जज वरिष्ठ संवर्ग प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजन किया गया तथा उक्त अवसर पर प्रारम्भतः सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्रस्तुत किये गये। उक्त अवसर पर श्री प्रदीप कुलश्रेष्ठ डीन विधि विभाग बंनिट विश्वविद्यालय व अन्य प्रोफेसर व छात्र - छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। आई0आई0एम0टी0



की अध्यक्षता में दिनांक 26.11.2022 को न्यायालय परिसर गौतमबद्धनगर के सभा कक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर भारत के संविधान के संबंध में प्रकाश डाला गया तथा संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। उक्त अवसर पर श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डे, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना अधिनियम अधिकरण, श्रीमती ज्योत्सना सिंह अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश, श्री रणविजय व समस्त न्यायिक अधिकारीगण एंव कर्मचारीगण आदि उपस्थित हुये। बेनिट स्कूल ऑफ लॉ-संविधान दिवस 26 नवम्बर 2022 के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीया न्यायमूर्ति श्रीमती प्रतिभा एम सिंह, मा0 उच्च न्यायालय दिल्ली के साथ श्री जयहिंद कुमार सिंह, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठन करवाया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर द्वारा जनहित में आयोजित एंव संचालित कार्यक्रम लोक अदालत, मीडिएशन, पराविधिक स्वयं सेवक के कार्य, निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर माननीया न्यायमूर्ति श्रीमती प्रतिभा एम सिंह मा0 उच्च न्यायालय दिल्ली द्वारा संविधान एंव विधि व न्याय व्यवस्था के संबंध में विचार कालेज जेवर- संविधान दिवस 26 नवम्बर 2022 के अवसर गोष्ठी का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के तत्वावधान में एंव श्री हरेन्द्र कुमार पी0एल0वी0 के सहयोग से आई0आई0एम0टी0 कालेज जेवर के प्रांगण में किया गया उक्त अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया तथा संविधान के संबंध में प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रोफेसर व छात्र - छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री मद् भागवत कथा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** सेक्टर 82 ईडब्लूएस पाकेट सात में श्रीमद भागवत कथा का श्रीगणेश हुआ। सुबह 10 बजे से 82, 93 होते हुए कलश यात्रा का समापन सेन्ट्रल पार्क में हुआ। कथा व्यास पुष्कर कृष्ण जी महाराज ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा एनके सोलंकी, राघवेंद्र दुबे, रवि राघव, उत्तम चंद्रा, गिरिराज, अमितेष सिंह ,सुशील पाल, शिवव्रत तिवारी,संजय पांडे, बृज किशोर



भव्य कलश यात्रा पाकेट सात के सेन्ट्रल पार्क से निकाली गई। बैंड बाजों एवं ढोल नगाड़ों के साथ भक्ति गीतों की धुन पर झूमते गाते भक्तजन कलश यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर पूरे सेक्टर में कलश यात्रा निकाली। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों में पूजन कर नारियल अर्पित किया गया। सेक्टर कि पावन नैमिषारण्य तीर्थ में सूत जी महाराज कथा सुना रहे हैं और सौनकादिक रिषी श्रोता के रूप में कथा का श्रवण कर रहे हैं। सूत जी ने भागवत का महात्म्य बताते हुए कृष्ण भक्ति को श्रेष्ठ बताया। भक्ति, ग्यान, वैराग्य की विषाद व्याख्या के अलावा गोकरण धुन्धकारी की कथा एवं शुकदेव जन्म की कथा भी सुनाई। इस मौके पर सिंह, मुन्ना चैधरी, दीपक तिवारी, एसके तिवारी, राजेश गुप्ता , संगम प्रसाद मिश्र, सुभाष शर्मा, रतन भारद्वाज, संजय मग्गू, रमेश वर्मा,पंकज झा, मुरारी झा,गोरेलाल, अजय श्रीवास्तव, गुरमेल सिंह, राजवीर सिंह, सर्वेश तिवारी, तिमिर बरोन, प्रमोद श्रीवास्तव, सियाराम, नवीन पंत सहित सैकड़ों सेक्टर वासी मौजूद रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा की 147 वी जन्म शताब्दी सप्ताह कार्यक्रम मैहर माता शबरी आश्रम में संपन्न हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर।** बिरसा मुंडा की147वा जन्म शताब्दी सप्ताह पर एक कार्यक्रम का आयोजन माता शबरी आश्रम में संपन्न हुआ जिसमें जिला पंचायत की बात है मिडिया द्वारा सवाल पूछे जाने पर कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा सबरी माता आश्रम के लिए एक करोड़ राशि सुकृत हुई थी उस राशि में केवल 44,लाख रुपए लगी और सरकार ने पूरी तरह से छल किया है वर्ष 2016 में मैहर उपचुनाव के दौरान आदिवासियों को लुभाने के लिए अपने पक्ष में वोट करने के लिए की गई कोरी घोषणाओं से




अध्यक्ष रामखेलावन कोल जी एवं व्यहारी विधानसभा के विधायक शरद कोल जी का आगमन हुआ यह कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया शरद कोल जी द्वारा अपने उद्घोष भाषण में कहा कि आदिवासी समाज के आज गिरते हुए जनादेश के लिए चिंता जाहिर की एवं माननीय विधायक जी प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमारा,आदिवासी समाज शिक्षित हो रहा है और अनेकों पद पर शोभायमान है,यहं, भी एक सौभाग्य 56 लाख रुपए कहां चले गए इस सवाल के जवाब में माननीय विधायक जी कहां कि मैं विधानसभा के पटल पर यह बात रखुगा इसका जल्द से जल्द निराकरण कराऊंगा, एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह मरकाम द्वारा उद्घोष भाषण में कहा गया कि,वीरांगना रानी दुर्गावती जी के आश्रम वा प्रतिमा अनावरण के संबंध में शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई भूमि पूजन एवं घोषणा से गोंड आदिवासी समाज को भाजपा भारी आक्रोश में है कोल, आदिवासी समाज जिसका खामियाजा आगामी आने वाले 2023 के चुनाव में उसका जवाब देने के लिए गोंड आदिवासी समाज ने कसी कमर एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के जयंती पर इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया गया एवं बनाई, गई रणनीति जयंती कार्यक्रम में कमल सिंह मरकाम जिला कार्यवाहक अध्यक्ष गोंड समाज महा सभा सतना, द्वारा यह बाते, कहीं गई।

# जिहादी मानसिकता के खिलाफ सक्रिय लड़ाई जरूरीः जेपी नड्डा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** विकास के बड़े दायरे में आंतरिक और बाह्य सुरक्षा भाजपा के सुशासन के मापदंड का बड़ा हिस्सा है। चुनावी अभियान हो तो भाजपा का शायद ही कोई राष्ट्रीय नेता सुरक्षा के लिए पार्टी का संकल्प दोहराने से चूकता हो। सर्जिकल स्ट्राइक, उपद्रवियों के खिलाफ सख्ती जैसे उद्धरण तो हर चुनाव में मुद्दा बनता ही है, गुजरात में पार्टी ने एक नई शुरूआत की है- जिहादी मानसिकता से लड़ाई की। स्पष्ट है कि गुजरात से शुरू हुई यह पहल आने वाले वक्त में राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखेगी।



# नहर निर्माण में हो रही लापरवाही, स्थानीय लोगो की अनदेखी किसान और युवाओं के साथ सामने आए भाजपा नेता आदित्य नारायण शुक्ला

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर।** छेत्र में पर्यावरण और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे निर्माण एजेंसी फलोदी कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध युवाओं किसानों के साथ सामने आएं सगमनिया तिदुहटा,तिदुहटा से देवरी जरियारी से आगे की ओर जाती हुई नहर कैनाल एवं किसानों के खेतों में जा रही माइनर शाखाओं मैं निर्माण में घोर लापरवाही की जा रही है कुछ किसानों को तो मुआवजे की राशि नहीं मिली सिंचित जमीन का मुआवजा कम देना पड़े इसलिए असिंचित कराकर उस मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया वन विभाग कि बिना एनओसी के वन विभाग का दोहन जहां एक और भारत देश की सरकार हमारी लाखों करोड़ों रुपए पेड़ों के संरक्षण के लिए लगा रही है वहीं यह निर्माण एजेंसी पेड़ों की कटाई लगातार करती जा रही है इन सभी बिहार और झारखंड के लोगों को सौ सौ की संख्या में बुलाकर कार्य प्रयास और उनकी इस रोजगार की लड़ाई में शामिल होकर भाजपा



समस्याओं के साथ-साथ सबसे बड़ी समस्या की क्षेत्रीय लोगों युवाओं को रोजगार ना देकर बाहरी कराया जा रहा इन्हीं सभी समस्याओं को लेकर सभी युवाओं को एकत्रित कर अलख जगाने का नेता ने पत्रकार बंधुओं तथा प्रशासन के सामने निर्माण एजेंसी के जनरल मैनेजर गजराज सिंह को अपना ज्ञापन सौंपा 1 सप्ताह के अंदर निर्माण एजेंसी ने क्षेत्रीय लोगों को कार्य और बेरोजगार युवाओं को रोजगार में लगाने का वादा किया है एवं इन सभी मांगों को भाजपा नेता ने प्रतिलिपि दिया है जिसमें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, प्रभारी मंत्री जिला सतना, सांसद श्री गणेश सिंह, कलेक्टर महोदय सतना, अनुविभागीय दंडाधिकारी मैहर, तहसीलदार महोदय मैहर, थाना देहात इन सभी को प्रतिलिपि देकर अवगत कराया है और आवश्यक कार्यवाही हेतु गुहार लगाई है अब देखते हैं कि प्रशासन और विभाग इसमें कितनी तन्मयता के साथ क्षेत्रीय लोगों के साथ न्याय व किसानों के साथ न्याय दिलाने में कितनी कार्यवाही करता है।

# 'भेड़िया' का ग्राफ बॉक्स ऑफिस पर लगातार ऊपर जा रहा है


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'भेड़िया' का ग्राफ बॉक्स ऑफिस पर लगातार ऊपर जा रहा है। फिल्म ने तीन दिनों में बढ़िया कमाई की है। वीकेंड हैं। संडे को भी अनुमान यही हाल रहा। 28-23 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई। इसके साथ ही ये फिल्म वीकेंड पर अच्छा बिजनेस करने में सफल रही। भेड़िया ने पहले दिन 7.47 करोड़ बजट 60 करोड़ के करीब है, ऐसे में वीकेंड में इसका बजट का आधा हिस्सा निकाल लेना ठीक ही माना जाएगा। 'भेड़िया' को तगड़ा कम्पटीशन मिल रहा है अजय देवगन की 'दृश्यम 2' से, क्योंकि रिलीज के




पर 'भेड़िया' का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। शनिवार की तरह ही रविवार को भी काफी संख्या में दर्शक सिनेमा हॉल पहुंचे, जिसका असर इसके कलेक्शन पर साफ नजर आ रहा है। तो आइए देखते हैं कि इस क्रीचर कॉमेडी ने टिकट खिड़कियों पर कितनी कमाई की। जैसा की उम्मीद की जी रही थी भेड़िया, दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में कामयाब रही है। फिल्म के मॉर्निंग ऑक्यूपेंसी काफी अच्छी चल रही है, साथ ही नाइट शोज भी हाऊस फुल जा रहे का कलेक्शन किया था। जिसमें से इसने सिर्फ हिंदी में 7.37 करोड़ कमाए और 10 लाख मिले तेलुगु वर्जन से। दूसरे दिन इसकी कमाई में थोड़ा जम्प आया और इसने कमाए 9.57 करोड़। तीसरे दिन की कमाई थोड़ी और बढ़ी और कोईमोई के अनुसार फिल्म ने संडे को यानी तीसरे दिन 10 से 11.50 करोड़ के बीच का कलेक्शन किया है। वीकेंड टोटल की बात करें तो फिल्म ने तीन दिनों में 27.09 से 28.59 करोड़ के बीच का बिजनेस किया है। फिल्म का 10 दिन बाद भी बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का जलवा बरकरार है। भेड़िया की असली मुश्किल शुरू होगी सोमवार से, जब वीक डेज में दर्शकों की संख्या कम होगी और लोगों के पास विकल्प के तौर पर 'दृश्यम 2' देखना का भी मौका होगा। बता दें कि 25 नवंबर को रिलीज हुई 'भेड़िया' के डायरेक्टर 'स्त्री' और 'बाला' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले अमर कौशिक हैं। लोगों को फिल्म में भेड़िया बने वरुण धवन का किरदार काफी पसंद आ रहा है।

# मिलिए दरभंगा की ऐश्वर्या सुष्मिता से, अब खाकी: द बिहार चैप्टर में निभाई अहम भूमिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई वेब सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर में अहम भूमिका निभाने वाली ऐश्वर्या सुष्मिता फैशन की दुनिया का जाना-माना नाम है। उन्होंने केके मेनन के साथ स्पेशल ऑप्स 1.5 से वेब सीरीज सिंगर और बेली डांसर भी हैं। ऐश्वर्या सुष्मिता का जन्म भारत में 12 जुलाई 1994 को हुआ है। ऐश्वर्या सुष्मिता दरभंगा बिहार से हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से की है। ऐश्वर्या सुष्मिता ने मिस इंडिया कंपटीशन के माध्यम से





की दुनिया में कदम रखा था। इस वेब सीरीज का निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। खास बात यह है कि अब वह खाकी: द बिहार चैप्टर में नजर आ रही हैं और इस वेब सीरीज का निर्देशन भी नीरज पांडे ने किया है। ऐश्वर्या सुष्मिता सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं। इसके अलावा वह मॉडलिंग की दुनिया में भी काफी सक्रिय है। उन्होंने कई फैशन शो में भी भाग लिया है। ऐश्वर्या सुष्मिता शोबिज की दुनिया में कदम रखा। वह कैंपस प्रिंसेस चुनी गई थी। इसके बाद वह मुंबई आई और उन्होंने ऑडिशन देने शुरू किए। ऐश्वर्या सुष्मिता ने प्रोफेशनल मॉडल बनने का निर्णय लिया और किंगफिशर सुपरमॉडल 3 में भाग लिया, जिसमें वह विजेता चुनी गई। यह जीत उनके करियर में अहम बदलाव ले आई। इसके चलते उन्हें 2016 में हुए किंगफिशर कैलेंडर शूट में भाग लेने का अवसर मिला और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा।

# बिग बॉस से अर्चना गौतम को पंगा लेना पड़ा भारी, सभी घरवालों को मिली सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शनिवार को जहां बिग बॉस हाउस में सलमान खान ने अर्चना गौतम, टीना दत्ता और प्रियंका चाहर चौधरी की क्लास लगाई, तो वहीं रविवार को घर में ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिला। एक तरह जहां अर्चना ने सौंदर्या-गौतम और प्रियंका-अंकित के रिश्ते पर सवाल



उठाती नजर आई। वहीं निमृत कौर अहलूवालिया रोती नजर आई। प्रियंका चाहर चौधरी, अर्चना गौतम, सौंदर्या शर्मा, शालीन भनोट और अंकित गुप्ता सोते हुए नजर आते हैं, जिसके बाद बिग बॉस उनको वॉर्निंग देते हुए पांचों को सजा देते हैं। बिग बॉस घर ने राजा यानी शिव को बोलते हैं। गार्डन एरिया में एक कुर्सी रखे और बिग बॉस आदेश देते हैं कि उनके अगले आदेश तक बारी-बारी से कोई-न-कोई सदस्य इस कुर्सी पर बैठा रहेगा। बाकी घर के सदस्य उनके मुंह पर पानी फेंकते रहेंगे। बारी-बारी कर सभी अपनी सजा काटते हैं, लेकिन अर्चना इस सजा को करने से मना कर देती हैं। साथ ही बिग बॉस को भी सुनाती है। अर्चना ने कहा कि, ठंडे पानी से वह बीमार पड़ जाती हैं। घरवालों के समझाने के बावजूद उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया और वहां से चली गईं। इसके बाद बिग बॉस पूरे घरवालों को सजा देते हैं। अर्चना की इस हरकत के बाद बिग बॉस ने उनकी क्लास लगाई और टॉर्चर टास्क को रद्द करते हुए बाकी घरवालों को एक और सजा दे डाली। बिग बॉस ने सभी घरवालों को कहा की अपना अपना आधा राशन वापस कर दे। बस फिर क्या था सभी घरवाले अर्चना गौतम पर गुस्सा हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर शालीन और टीना दत्ता के बीच झगड़ा हो जाता है। दरअसल शालीन भनोट, टीना से कह देते हैं कि वह कैमरा पर दिखने और फुटेज के लिए उनसे बात कर रही हैं। यही बात टीना को चुभ जाती है और वह उन्हें चेतावनी देती हैं कि वह न तो उनसे बात करें और न ही उनके पास आएं। शालीन, टीना को मनाने की कोशिश करते रह जाते हैं। बिग बॉस के सभी घर वालों को आज टीवी शो झलक दिखला जा 10 के ग्रैंड फिनाले से जोड़ा गया। इस दौरान सलमान खान और माधुरी दीक्षित अपने कुछ सीन्स रिक्रिएट करते हैं। इसके बाद वह अब्दु से गाना भी सुनती हैं। उनकी फरमाइश पूरा करते हुए अब्दु- दिल दीवाना बिन सजना के माने ना सुनाते हैं। माधुरी भी अब्दु के गाने काफी खुश नजर आईं. वहीं सलमान खान ने क्यूट अब्दु की तारीफ करते हुए कहा कि वो क्यूट ही नहीं, बल्कि सेक्सी भी हैं। शालीन भनोट ने रात 12 बजे टीना दत्ता को खास अंदाज में जन्मदिन विश किया। शालीन बर्थडे गर्ल टीना की आंखे बंद करके उन्हें रूम 2 में लेकर जाते हैं और सरप्राइज देते हैं। टीना अपनी आंखें खोलती हैं शीशे पर देखती हैं जिसपर खास मैसेज लिखा हुआ होता है। टीना ये सरप्राइज देख खुश हो जाती है और शालीन को गले लगा लेती हैं।

# गुंजन सिन्हा ने अपने नाम किया झलक दिखला जा 10 का खिताब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 10 का खिताब गुंजन सिन्हा और तेजस वर्मा ने अपने नाम किया है। इस को मिले। 'झलक दिखला जा 10' के फाइनलिस्ट में रुबीना दिलैक, गुंजन सिन्हा, फैसल शेख, गश्मीर महाजनी, निशांत भट्ट और सृति झा शामिल रही। इन सब को




सीजन में इस जोड़ी ने एक से बढ़कर एक डांस परफॉर्मेंस दी थी। इस जोड़ी की जीत के बाद सोशल मीडिया पर उनके फैंस खूब जश्न मना रहे हैं। झलक दिखला जा 10 कई माईनो में बेहद खास रहा। यह शो करीब 5 साल बाद छोटे पर्दे पर लौटा था। शो में एक से बढ़कर एक सेलिब्रिटी डांसर देखने पछाड़ते हुए गुंजन सिन्हा ने अपने नाम जीत हासील की। गुंजन सिन्हा इस शो की सबसे छोटी कंटेस्टेंट रही हैं। उनकी उम्र केवल 8 साल की है। इस उम्र में गुंजन ने इस शो को अपने नाम कर एक बड़ी जीत हासील की है। करण जौहर और माधुरी दीक्षित ने दोनों लिटिल चैंपियन को शो का विनर घोषित किया। लिटिल चैंपियन को प्राइज मनी के तौर पर 20 लाख रुपये मिले। असम के गुवाहाटी की रहने वाली गुंजन सिन्हा का जन्म 8 मई 2014 में हुआ। अपने डांस टेलेंट की वजह से ही गुंजन छोटी उम्र में ही मशहूर हो गई हैं। बता दें इससे पहले भी वह कई डांस शो में हिस्सा ले चुकी हैं। बता दें साल 2021 में गुंजन पहली बार डांस दीवाने सीजन 3 में नजर आई थीं। इस शो में उन्होंने अपने डांस से जजों को हैरान कर दिया था। गुंजन सिन्हा हिप हॉट, वाकिंग और बॉलीवुड जैसे डांस फॉर्म में काफी माहिर हैं। इसके बाद वह म्यूजिक वीडियो काली शर्ट वालिया में बी दिखी थीं। माधुरी दीक्षित , करण जौहर और नोरा फतेही के अलावा फिनाले एपिसोड में वरुण धवन और कृति सेनन भी शामिल हुए थे। बता दें यह सभी सितारें अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन के दौरान इस शो का हिस्सा रहे। इतना ही नहीं इस शो में वरुण ने कृति सेनन और प्रभास के रिश्ते पर मुहर लगा दी हैं। वरुण कहते हैं- एक आदमी है जो मुम्बई में नहीं है वो इस वक्त शूटिंग कर रहा है दीपिका के साथ। यह सुनते ही करण चौंक जाते हैं।

# नोरा फतेही को भी प्यार में मिला है धोखा, नम आंखों से सुनाई दिल टूटने की दास्तान


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नोरा फतेही भले ही आज लाखों दिलों की धड़कन हो लेकिन एक समय ऐसा भी था जब



कोई उनका दिल तोड़ गया था और अब एक कार्यक्रम में में नोरा फतेही ने नम आंखों से अपने टूटे दिल को याद किया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस, सेलिब्रिटी डांसर और होस्ट भी है। अपनी कातिलाना अदाओं से वह लाखों लोगों का दिल लूट ले जाती हैं। इन दिनों वह डांस रियलिटी शो को टीवी पर जज कर रही है। इसी दौरान 'बड़ा पछताओगे' गाने पर कई प्रतियोगियों ने डांस किया है जिसे देखकर वह भावुक हो गई। नोरा फतेही अपनी भावनाओं पर काबू नहीं कर पाई और उनकी आंखों से आंसू बह निकलेनोरा फतेही अपने व्यक्तिगत जीवन के बारे में बात करना पसंद नहीं करती लेकिन इस एक्ट को देखने के बाद वह अपने आपको रोक नहीं पाई। नोरा फतेही ने कहा कि इस परफॉर्मेंस में ना सिर्फ उनके दिल को छुआ बल्कि उनके इमोशन को भी कुरेद कर चला गया। उन्होंने यह भी कहा कि यह गाना टूटे दिल की बात करता है क्योंकि वह कुछ समय पहले कुछ इसी तरह की परिस्थिति से गुजर रही थी। गौरतलब है कि बड़ा पछताओगे गाना प्यार में मिले धोखे पर आधारित है। इस गाने में उनके अलावा विक्की कौशल की अहम भूमिका थी नोरा फतेही अंगद बेदी के साथ रिश्ते में थी। हालांकि बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया। अंगद बेदी ने नेहा धूपिया से शादी कर ली।

# सालों बाद करण जौहर की फिल्म में नजर आएंगी काजोल, इस स्टार किड का होगा बॉलीवुड डेब्यू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** काजोल भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक्ट्रेस जल्द फिल्म सलाम वेंकी में नजर आने वाली हैं, जो 9 दिसंबर, 2022 को रिलीज हो रही है। इसी बीच एक्ट्रेस को खबर सामने आई थी। बताया जा रहा था कि करण जौहर की फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' और अजय देवगन की फिल्म 'शिवाय' के बॉक्स ऑफिस क्लैश के चलते दोनों की दोस्ती में दरार आ गई थी। हालांकि, बाद में खबरें आईं कि



लेकर एक खबर सामने आ रही हैं। एक्ट्रेस जल्द अपने दोस्त-निर्देशक करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। करण जौहर और काजोल ने एक साथ कई फिल्मों में किया है। हालांकि, कुछ समय पहले दोनों की दोस्ती में दरार आने की भी दोनों के बीच दोस्ती हो गई है। वहीं अब दोनों के नए प्रोजेक्ट को लेकर खबर सामने आई है। टाइम्स नाउ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, काजोल सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे के साथ नजर आएंगी। ये वहीं फिल्म है जिस से इब्राहिम अली खान बतौर एक्टर डेब्यू कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में इब्राहिम के साथ ही साथ काजोल भी लीड रोल में होंगी। बता दें करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स में करीब 12 साल के बाद काजोल की वापसी हो रही है। एक्ट्रेस को आखिरी बार करण की फिल्म माई नेम इज खान में देखा था। इब्राहिम अली खान की डेब्यू की शूटिंग साल 2023 में शुरू होगी। इस फिल्म का निर्देशन बोमन ईरानी के बेटे कायोज़ ईरानी करने वाले हैं। तो वहीं इस फिल्म को करण जौहर प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की कहानी को बीते दिनों खबर आई थी कि यह फिल्म डिफेंस फोर्स के इर्द गिर्द होगी। हालांकि अभी फिल्म को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि फिल्म बड़े बजट की होगी। बता दें, इब्राहिम अली खान ने करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में भी काम किया है। इस मूवी में उन्होंने करण को असिस्ट किया है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, शबाना आजमी, जया बच्चन और धर्मेंद्र नजर आएंगे।

# बॉलीवुड फिल्म और वेब सीरीज में बिना वर्क परमिट काम करने के कारण 17 विदेशी नागरिकों पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म वेब सीरीज में अवैध तरीके से काम करने के चलते मुंबई के दहिसर पुलिस ने छापा मारकर 17 विदेशी नागरिकों को बिना वर्क परमिट के काम करने के चलते पकड़ लिया है और उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें 10 महिलाएं भी शामिल है। यह शूट दहिसर परिसर में 17 विदेशी नागरिकों में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी शामिल है। यह सभी रूस, ऑस्ट्रेलिया और यूके के नागरिक हैं। जब इनके पास से पुलिस कागज की जानकारी मांगी, तब पता चला है कि 17 विदेशी नागरिक है और उनके पास वर्क परमिट नहीं है और ना ही उनके पास प्रॉपर वीजा है। उनमें से कुछ वीजा के नियमों का उल्लंघन भी भी जानकारी दी कि उन्होंने सभी आरोपियों के खिलाफ फॉरेन एक्ट 14बी के अंतर्गत केस दर्ज किया है और अब मामले की छानबीन की जा रही है। गौरतलब है कि बॉलीवुड की फिल्मों में अक्सर बैकग्राउंड डांसर विदेशी एक्ट्रेस या महिलाएं होती हैं। वह टूरिस्ट वीजा पर भारत आती हैं और दो-तीन महीने के दौरान कई फिल्मों में स्पेशल नंबर




चल रहा था। दरअसल पुलिस के सूत्रों को एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि एक फिल्म की शूटिंग में कई विदेशी भाग ले रहे हैं। इसके बाद दहिसर ईस्ट के कोंकणीपाड़ा में स्थित एल पी सिंगटे फिल्म स्टूडियो में पुलिस की एक टीम पहुंची और उन्होंने टाइगर बेबी डिजिटल एलएलपी प्रोडक्शन हाउस के अंतर्गत शूट होने वाली वेब सीरीज की शूटिंग पर छापा मारा, जहां 17 विदेशी नागरिकों को पुलिस ने पकड़ लिया और उन पर केस दर्ज किया है। करते पाए गए। इस बात की जानकारी दहिसर पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर प्रवीण पाटिल ने दी है। पुलिस ने इस बात की भी जानकारी दी कि 17 विदेशियों में से 10 महिलाएं हैं। वह सभी रूस, ऑस्ट्रेलिया और यूके की हैं जो कि टूरिस्ट वीजा पर भारत आई हुई थीं और उन्हें एक सप्लायर गोवा से मुंबई लेकर आया था। वह इनके साथ वेब सीरीज शूट करवाना चाहता था। सप्लायर को भी पुलिस ढूंढ रही है। पुलिस ने इस बात की या गेस्ट अपीयरेंस कर वापिस चली जाती है। इसकी वजह से स्थानीय कलाकारों को कई बार काम नहीं मिलता है। वहीं भारत दौरे पर आने के चलते इन सैलानियों को विभिन्न राज्यों में घूमने के अवसर भी काम के माध्यम से मिल जाता है। इन बातों की शिकायत कई बार पुलिस से की जा चुकी है और अक्सर पुलिस इस प्रकार की छापामारी कर इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास करती है।

# गोलमाल सीरीज में काम करने के लिए बेकरार, रोहित शेट्टी से किया वापस लेने का निवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गोलमाल फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाले शरमन जोशी ने अब फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी से गुहार लगाई है कि वह गोलमाल के अगले सीरीज में उन्हें अवश्य लें। अब देखना यह







है कि रोहित शेट्टी इस पर क्या निर्णय लेते हैं। शरमन जोशी ने फिल्म गोलमाल से बॉक्स ऑफिस पर एक अलग पहचान बनाई शरमन जोशी ने सन 2006 में आई फिल्म गोलमाल और रंग दे बसंती से बॉक्स ऑफिस पर एक अलग पहचान बनाई। वह कॉमेडी फिल्मों के माध्यम से दर्शकों के दिलों में अपना घर बनाने में सफल रहे। हालांकि 2 वर्षों के बाद गोलमाल के अगले भाग में उन्हें नहीं लिया गया था। अब शरमन जोशी ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया है कि क्या वह गोलमाल की अगली फ्रेंचाइजी में नजर आएंगे और उन्होंने गोलमाल की फ्रेंचाइजी में अब तक क्यों काम नहीं किया। गोलमाल को रिलीज होकर 15 वर्ष से ज्यादा हो गए हैं। यह हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। हालांकि फिल्म के पहले भाग में नजर आने के बाद उनकी भूमिका को श्रेयस तलपडे को दे दिया गया था। अब पिंकविला को दिए इंटरव्यू में शरमन जोशी कहते हैं, 'कुछ मैनेजमेंट इश्यूज था। मेरा मैनेजमेंट उनसे ठीक से बात नहीं कर पा रहा था। पैसा भी एक बड़ा कारण था। मैनेजमेंट जो पैसा मांग रही थी, उससे निर्माता सहज नहीं थे। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि क्या चल रहा है, जब मुझे यह बात समझ में आई। मैंने उनसे संपर्क किया।शरमन जोशी ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रोडक्शन हाउस से इस बारे में बात की। हालांकि वह रोल उनके लिए कभी नहीं उपलब्ध हो पाया। शरमन जोशी ने यह भी कहा कि उन्होंने अपने मैनेजर से चीजों को सॉर्ट आउट कर लिया है और अब वह रोहित शेट्टी से मिले हैं ताकि उन्हें गोलमाल सीरीज की फिल्मों में वापस लिया जाए। उन्होंने कहा, 'मैंने रोहित शेट्टी से निवेदन किया है कि मुझे गोलमाल के अगले भाग में अवश्य लें और उन्होंने भी सकारात्मकता दिखाते हुए हां हां कहा है।

# कार्तिक आर्यन ने खास अंदाज में भूषण कुमार को दी जन्मदिन की बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी सीरीज के मालिक और बॉलीवुड के जाने माने प्रोड्यूसर भूषण कुमार आज अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। फिल्म निर्माता का जन्म 27 नवंबर 1977 को दिल्ली में हुआ था। भूषण कुमार हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता गुलशन डांस कर रहे हैं। बता दें ये वीडियो 'भूल भुलैया 2' की सक्सेस पार्टी का है, जिसे उन्होंने भूषण कुमार के जन्म पर उन्हें विश करते हुए साझा किया है। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- सबसे खुश निर्माता को एक ब्लॉकबस्टर जन्मदिन की बधाई क्ष्भूषणकुमार सर। 'भूल





कुमार के बेटे हैं और बॉलीवुड सिंगर तुलसी कुमार के भाई है। इस खास मौके पर हर कोई उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहा है। इसी बीच अब एक्टर कार्तिक आर्यन ने भी उन्हें खास अंदाज में बर्थडे विश किया है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमे वह अपनी फिल्म 'भूल भुलैया 2' के गाने हरे राम हरे कृष्णा पर डांस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में प्रोड्यूसर भूषण कुमार उनके साथ भुलैया 2' के लिए भूषण कुमार ने अभिनेता को एक शानदार और बेशकीमती तोहफे में गाड़ी दी थी। इस गाड़ी की कीमत 3.50 करोड़ से ज्यादा है। भूषण कुमार ने कार्तिक को भारत की पहली जीटी, एक पॉश ऑरेंज रंग की मैकलारेन कार गिफ्ट में दी थी। बता दें इससे पहले भी दोनों की जोड़ी देखी गई थी। साल 2018 में फिल्म सोनू के 'टीटू की स्वीटी' से लेकर 'भूल भूलैया 2' तक इस जोड़ी ने एकसाथ हिट फिल्में ही दी। फिल्म शहजादा में भी दोनों साथ नजर आने वाले है। सिर्फ इतना ही नहीं आने वाले समय में कार्तिक आर्यन और भूषण कुमार एक साथ और भी फिल्मों में साथ नजर आएंगे। एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द फिल्म फ्रेडी के प्रमोशन में लगे हुए हैं। फ्रेडी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। शहजादा का निर्देशन रोहित धवन द्वारा किया जा रहा है। फिल्म में कार्तिक आर्यन और कृति सेनन लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म सुपरस्टार अल्लु अर्जुन की तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म 'अला वैकुंठपुरमुलु' की हिंदी रीमेक है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।